26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 9 अगस्त , 2026

अंक- 286 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# हरिद्वार में उमड़ा आस्था का सैलाब

## धर्मनगरी से लेकर हाईवे तक भगवामय

**हरिद्वार( चिंगारी )।** कांवड़ मेले के अंतिम चरण में धर्मनगरी हरिद्वार शिवभक्तों से पूरी तरह गुलजार हो उठी है। शहर से लेकर हाईवे तक हर तरफ भगवा रंग नजर आ रहा है। हर की पैड़ी, गंगा घाटों और बाजार में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है, वहीं डाक कांवड़ के चलते हाईवे पर दोपहिया और चौपहिया वाहनों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

कांवड़ मेला अब अपने चरम पर पहुंच गया है। अभी तक 3 करोड़ 20 लाख से अधिक कांवड़िए गंगाजल लेकर अपने गंतव्यों को रवाना हो चुके हैं। बड़ी संख्या में डाक कांवड़िए अब भी हरिद्वार में मौजूद हैं। आज, रविवार सुबह हर की पैड़ी और आसपास के घाटों पर शिवभक्तों की अधिक भीड़ दिखाई दी। कोई गंगाजल भरकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहा है, तो कहीं बड़ी संख्या में शिवभक्तों का हरिद्वार में आना जारी है। सभी प्रमुख पार्किंग स्थलों में वाहनों का दबाव बढ़ गया है। बैरागी कैंप पार्किंग में बड़े डाक कांवड़ वाहनों की भारी संख्या है, जबकि दीनदयाल, रोड़ी बेलवाला, पंतद्वीप, गौरीशंकर और गड्ढा पार्किंग में छोटे वाहनों की भीड़ है। पार्किंग स्थलों से लगातार कांवड़ वाहनों की निकासी की जा रही है।



डाक कांवड़ की वजह से हाईवे पर भी वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। अलग-अलग राज्यों से आए शिवभक्त अपने वाहनों को सजाकर डीजे लगाकर हरिद्वार पहुंचे हैं। किसी वाहन पर भोलेनाथ की प्रतिमा लगी है, तो कोई डीजे और भक्ति गीतों के साथ हरिद्वार की ओर बढ़ रहा है। इससे पूरा माहौल शिवमय नजर आ रहा है।

आज से डाक कांवड़ रवाना होने का सिलसिला शुरू हुआ और कांवड़ मेले के अंतिम दौर में कल 10 अगस्त की रात तक डाक कांवड़ वाहनों की रवानगी जारी रहने की उम्मीद है। इसके चलते अगले दो दिन भी हरिद्वार में शिवभक्तों की भारी भीड़ और हाईवे पर डाक कांवड़ वाहनों का दबाव बना रहेगा। पिछले वर्ष चार करोड़ कांवड़िए गंगाजल लेने हरिद्वार आए थे, इस बार यह आंकड़ा पांच करोड़ तक पहुंच सकता है। अनुमानित भीड़ को देखते हुए ही इस बार सभी व्यवस्थाएं की गईं हैं। खुद डीएम मयूर दीक्षित और एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने रातभर निरीक्षण कर कांवड़ मेले की स्थिति का जायजा लिया।

### जेन-जी आंदोलन के बाद पार्टियां रणनीति बदल रहीं

अगले साल 7 राज्यों- उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर और गोवा में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन चुनावों में जेन-जी यानी 18 से 29 साल के मतदाता अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसके पीछे दो बड़ी वजहें हैं। पहली, जुलाई में दिल्ली में हुआ जेन-जी आंदोलन, जिसने युवाओं के राजनीतिक रुझान को लेकर नई बहस छेड़ी। दूसरी, बिहार के बांकीपुर और मध्य प्रदेश के दतिया उपचुनाव के चौकाने वाले नतीजे, जिनसे युवाओं की चुनावी भूमिका पर चर्चा तेज हुई है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, चुनावी समीकरण में महिला, पिछड़ा, किसान और दलित जैसे वर्गों के साथ अब जेन-जी भी एक अहम वोटर ग्रुप बनता जा रहा है।










# डीआईजी ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर शिवभक्तों को फल वितरित किये



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद मुनिराज ने मंडावली क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने यूपी उत्तराखंड बॉर्डर व प्रसिद्ध मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कांवड़ मार्ग का भी भ्रमण कर बैरिकेडिंग, रूट डायवर्जन व यातायात प्रबंधन की स्थिति को परखा। डीआईजी ने हरिद्वार से चलकर आने वाले शिवभक्तों से उनकी कुशलता जानी तथा उन्हें फल व अन्य सामग्री वितरित की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी, पुलिस की तैनाती, एंबुलेंस व अग्निशमन की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सेवा व सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस प्रशासन उनकी हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। डीआईजी ने मंदिर के पुजारी शशिनाथ से भी मंदिर पर की गई व्यवस्थाओं व कांवड़ियों के संबंध में बातचीत की। डीआईजी ने सभी शिवभक्तों को सुरक्षित, सुगम व मंगलमय कांवड़ यात्रा की शुभकामनाएं दीं। प्रशासन के सक्रिय रहने से क्षेत्र में कांवड़ियों व स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। इस दौरान एसपी अभिषेक झा, एसपी यातायात गौतम राय, एएसपी डॉक्टर कृष्ण गोपाल सिंह, सीओ आकांक्षा गौतम, थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार, मोटा महादेव कांवड़ मेला निरीक्षक राकेश कुमार, मोटा महादेव पुलिस चौकी इंचार्ज सोनू कुमार सहित जिले के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मीट की दुकानें बंद करने का आदेश हाईकोर्ट पहुंचा

नजीबाबाद (चिंगारी)। अमरोहा के समाजसेवी व वरिष्ठ अधिवक्ता हाजी नासिर फारूक ने अमरोहा में सावन महीने के दौरान कांवड़ यात्रा के चलते मीट, मछली व मुर्गे की दुकानें 30 दिनों तक बंद रखने को सरकारी आदेश को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। अधिवक्ता हाजी नासिर फारूक ने राष्ट्रपति व उत्तर प्रदेश सरकार से राहत न मिलने के बाद यह कदम उठाया है। उच्च न्यायालय ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए अमरोहा के डीएम व एसपी से इस संबंध में लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। इसके साथ ही, स्थानीय दुकानदारों को बिना नाम के नोटिस जारी करने वाले अमरोहा कोतवाली के इंस्पेक्टर को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। अधिवक्ता हाजी नासिर फारूक ने स्पष्ट किया कि वह हिंदू धर्म व सनातन परंपराओं का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के मुख्य मार्गों पर व्यवस्थाएं बनाना उचित है, लेकिन प्रशासन का यह रवैया तर्कसंगत नहीं है कि जिन अंदरूनी रास्तों व गली-कूचों से कांवड़ यात्रा का कोई संबंध नहीं है, या जहां की आबादी पूरी तरह से अल्पसंख्यक है, वहां भी खान-पान व दुकानों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाना अनुचित है। अधिवक्ता नासिर फारूक ने प्रशासनिक प्रतिबंधों के मानवीय पहलू पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इन छोटे गली-मोहल्लों में रेहड़ी-ठेला लगाने वाले व छोटे दुकानदार रोजाना मुश्किल से 400-500 रुपये कमाते हैं। पूरे तीस दिन तक उनकी दुकानें बंद रहने से उनके सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने इस बात पर विचार नहीं किया कि ये गरीब परिवार एक महीने तक अपना भरण-पोषण कैसे करेंगे तथा बच्चों की स्कूल फीस व दवाइयों का खर्च कहां से लाएंगे।

## मंडी समिति परिसर से युवक की हीरो स्पलेंडर बाइक चोरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम मौज्जमपुर तुलसी निवासी राम नारायण पुत्र रोठा सिंह की बाइक अज्ञात चोरों ने मंडी समिति से चोरी कर ली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। राम नारायण गत 22 जुलाई 2026 को मंडी समिति गए थे। उन्होंने अपनी हीरो स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल यूपी 20 सीएल-9870 आढ़त के पास खड़ी की थी। जब वह काम निपटाकर वापस लौटे तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। पीड़ित ने बाइक की खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद उन्होंने पुलिस को मामले की तहरीर दी। थाना पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच उपनिरीक्षक कय्यूम अली को सौंपी है।

## पुलिसकर्मियों पर मारपीट कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी का आरोप

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला जाब्तागंज निवासी अशरफ पुत्र अकबर ने पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर दो पुलिसकर्मियों पर मारपीट करने, पत्नी के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि 17 जून 2026 को एक पारिवारिक विवाद के संबंध में चौकी के दो पुलिसकर्मी उसके घर पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने उसकी भाभी सना के साथ धक्का-मुक्की की, जबकि वह हाल ही में ऑपरेशन के बाद बच्ची को जन्म देने के कारण अस्वस्थ थी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे अशरफ ने विरोध किया तो आरोप है कि पुलिसकर्मी उसे पुलिस चौकी जाब्तागंज ले गए, जहां उसके साथ मारपीट कर शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी गई। पीड़ित का यह भी आरोप है कि 18 जून को पुलिसकर्मियों के खिलाफ 1076 पर शिकायत किए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई करने के बजाय उसी के खिलाफ झूठे आरोप लगाकर कार्रवाई की गई।

## शहर के अंदर गली-मौहल्ले की मीट, मछली व अंडे की दुकानें बंद होने से परेशानी

**गरीबों के सामने रोजी-रोटी का संकट**

नजीबाबाद (चिंगारी)। सावन के महीने में कांवड़ मार्ग के साथ नगर में गली-मौहल्ले की मीट, मछली व अंडे की दुकानें व ठेले बंद होने से गरीबों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। इस कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि सावन माह में पुलिस-प्रशासन द्वारा कांवड़ मार्गों के साथ नगर की गली-मौहल्लों में स्थित मीट, मछली व अंडे की दुकानें व ठेले पूरे एक महीने के लिए बंद करा देने से उनके सामने रोजगार का संकट पैदा हो गया है। काफी संख्या में लोग नगर के गली-मौहल्लों में दुकानों के साथ ठेले व फड़ लगाकर चिकन फ्राई, मछली व अंडा बेचकर अपनी आजीविका चलाते है। यह उनका पुराना कारोबार है तथा इसके अलावा उनके पास अन्य काम का कोई साधन नहीं है। वह इस कारोबार से 400-500 रूपए प्रतिदिन कमाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते है। स्थानीय पुलिस-प्रशासन द्वारा सावन का महीना शुरू होने के बाद 28 जुलाई से उनका कारोबार बंद करा देने से उनके सामने अब अपना जरूरी खर्च जैसे प्रतिदिन का खाना, दवा, बच्चों की स्कूल फीस का भी संकट पैदा हो गया। पूरे एक माह के लिए कारोबार बंद रखकर महंगाई के दौर में अपने परिवार को चलाना काफी मुश्किल पड़ रहा है। मीट, मछली व अंडे का ठेला लगाकर अपनी आजीविका चलाने वाले लोगों का कहना है कि महीने में चार-पांच दिन तो वह कारोबार बंद रख सकते है, मगर पूरे महीने कारोबार बंद रखकर अपने परिवार का पालन पोषण करना उनके सामने काफी बड़ी समस्या बनकर सामने आ रहा है। उन्होंने ऐसी स्थिति में सरकार से या तो उन्हें अपने परिवार का एक महीने के लिए खर्च चलाने को मदद दिलाने या उनका कारोबार चालू कराने की छूट दिलाने की मांग की है। साथ ही मीट, मछली व अंडे का कारोबार बंद होने से इसके शौकीनों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। मीट के शौकीनों ने इसकी बिक्री की अलग स्थानों पर व्यवस्था कराने की मांग की है।

### सूचना

पहले मेरा नाम MOHAMMAD ADNAN S/O MOHAMMAD ANJUM SHAMSI MOH-BISATIAN, NEAR MASJID AMDU KHAN CHOWK, NAJIBABAD, Bijnor था अब मैने अपना एव पिता का नाम बदलकर MOHD ADNAN S/O MOHD ANJUM RO MOHALLA BISATIYAN, Najibabad, Po Najibabad Dist Bijnor Uttar PRADESH 246763 रख लिया है। भविष्य में इसी प्रकार से जाना जाये।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।


मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बाबा झारखंड शिव मंदिर

मु. अजमल




**चांदपुर ( चिंगारी )।** चांदपुर से लगभग दो किमी.की दूरी पर स्याऊ-छाछरी मार्ग पर स्थित बाबा झारखंड शिव मंदिर क्षेत्र ही नहीं बल्कि जनपद व आसपास के जनपदों में रहने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना हुआ है। ऐसी मान्यता है कि मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई मुराद भोले बाबा के आशीर्वाद से पूरी होती है। फाल्गुन व श्रावण मास के साथ साथ प्रत्येक सोमवार को मंदिर पर मेले जैसा दृश्य रहता है। वर्ष में दो बार आने वाली शिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालु भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करते है।

बाबा झारखंड शिव मंदिर के बारे में बताया जाता है कि लगभग 500 वर्ष पूर्व वर्तमान मंदिर के स्थान पर घना जंगल था, लोग वहां पर अपने पशुओं को चराने आते थे। एक ग्वाला अक्सर देखता था कि घने जंगल के बीच स्थित एक ऊंचे टीले पर उसकी गाय के थनों से अपने आप दूध की धारा बहने लगती है। कई दिनों तक लगातार यह दृश्य देखने पर ग्वाले ने उस स्थान की खुदाई की तो वहां पर गहराई में पत्थरनुमा शिवलिंग दिखाई दिया। बाद में ग्राम स्याऊ निवासी ध्यान सिंह व उनके परिवारजनों ने उक्त जमीन को मंदिर के लिए दान कर दिया। वर्तमान में उस स्थान पर भोले शंकर का विशाल मंदिर बना हुआ है, उसके बराबर में मोनी बाबा की समाधि बनी हुई है।

मंदिर परिसर में इस समय एक धर्मशाला तथा 32 बीघा झील के मध्य लक्ष्मी विष्णु मंदिर,सरभंग बाबा की समाधि, हनुमान मंदिर,मां दुर्गा मंदिर, यज्ञशाला, श्री राम दरबार,शंकर पार्वती मंदिर,शनि देव मंदिर, गायत्री माता मंदिर, पीपल देवता वृक्ष,वट देवता आदि है। मंदिर परिसर में स्थित झील के मध्य पिलर पर बनाया गया भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी का मंदिर श्रृद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना हुआ है। शिवरात्रि के साथ-साथ प्रत्येक सोमवार को हजारों श्रद्धालु बाबा झारखंड शिव मंदिर स्याऊ पहुंच कर मन्नते मांगते है।

### भोले बाबा के आशीर्वाद से पूरी होती हैं मुरादें

**पिछले कई दशकों से मंदिर में पुजारी अशोक गिरि ने बताया कि बाबा झारखंड शिव मंदिर प्राचीन है। यहां श्रवण मास व फाल्गुन मास की शिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं। फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि पर विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा करने के लिए यहां आते हैं। सोमवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। यहां मांगी गई मन्नत भोले बाबा के आर्शीवाद से पूरी होती है।**



# इको फ्रेंडली रक्षाबंधन मनायें



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर स्थित पीपल-पिलखन फाउंडेशन के तत्वावधान में पर्यावरण प्रहरी महिला कार्यकर्ताओं द्वारा सभी नागरिकों से इस बार इको-फ्रेंडली रक्षाबंधन मनाने की अपील की गई। साथ ही लोगों को प्लास्टिक व सिंथेटिक वस्तुओं और कोई भी पर्यावरण को हानि पहुंचाने वाली वस्तुओं के उपयोग से बचने की सलाह दी गई। इसके लिए पर्यावरण प्रहरी महिलाओं द्वारा स्वयं आमतौर पर घरों में उपलब्ध सूती कलावा, कपास, सूरजमुखी, कद्दू व वैजयंती पौधे के बीज, मखाने, विभिन्न प्रकार की रंग-बिरंगी दालें, मसाले, वह अन्य घरेलू सामग्रियों का उपयोग करके इको फ्रेंडली राखियां तैयार करके समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस कार्य में पर्यावरण प्रहरी राजरानी, नमिता शर्मा, मंजू आर्य, रीता रानी व प्रीति भटनागर द्वारा विशेष योगदान किया गया।




कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# भाजपा सरकारों ने देश, प्रदेश का बेड़ा गर्क कर दिया- रमेश प्रजापति

## पंकज अग्रवाल के आवास पर सपा नेता का स्वागत



सभा को संबोधित करते सपा के राष्ट्रीय सचिव

**बढ़ापुर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व राज्यमंत्री रमेश प्रजापति ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व राज्य सरकारों की नफ़रत वाली राजनीति के चलते देश और देशवासियों का बेड़ा गर्क कर दिया है। आज देश में रोजी-रोटी, शिक्षा और इलाज सब पर संकट है।

शनिवार की देर सायं समाजवादी पार्टी के नेता पंकज अग्रवाल के आवास पर एक सभा को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति ने भाजपा सरकार की नीतियों पर प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा कि केंद्र व राज्य सरकारों ने देश में नफ़रत की आग फैलाकर देश को कमजोर करने का काम किया है। भाजपा ने देश में मुसलमान, पाकिस्तान, मंदिर-मस्जिद की राजनीति कर देश और संविधान के साथ विश्वास घात किया है। आज देश में रोजी-रोटी का संकट है, महंगाई चरम पर है। शिक्षा और चिकित्सा का बुरा हाल है। महंगी बिजली से आम आदमी परेशान है। भाजपा सरकार स्कूल बंद कर रही है, जबकि शराब की दुकानें बड़ी संख्या में खोल रही है। अपने हक की लड़ाई लड़ रहे नौजवानों और बेटियों पर लाठियां और पेलट गन चलवाई जा रही है।

सभा के आयोजक व टिकट की दौड़ में शामिल पंकज अग्रवाल ने कहा कि पार्टी जिसे भी प्रत्याशी बनाएं, हमें उसे ही वोट करना है। सभा की अध्यक्षता गुलजारी सिंह प्रजापति तथा संचालन भूरे सिंह ने किया। सभा को सपा के जिलाध्यक्ष हनी फैसल, प्रजापति समाज के जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह प्रजापति, सपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव कृपा रानी प्रजापति, पूर्व प्रत्याशी कपिल गुर्जर, मदनलाल सैनी एडवोकेट, राधा सैनी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रभा चौधरी, कुंतेश सैनी, कमलेश भुईयार, सुनील कुमार गोप, जयप्रकाश प्रजापति, योगेंद्र प्रजापति, रामपाल प्रजापति, रामगोपाल प्रजापति, आदित्य प्रजापति एड, महेश प्रजापति, जयप्रकाश प्रजापति, जयप्रकाश चंदेल, आबिद खां, सपा नगर अध्यक्ष अफजलगढ़ शेख इरशाद, सभासद योगेश प्रजापति आदि ने संबोधित किया तथा अनिल प्रजापति, नीटू प्रजापति, पूर्व नगर अध्यक्ष बढ़ापुर नईम अहमद, नफीस अख्तर, मोहम्मद उस्मान आदि उपस्थित रहे।

धारा मोटर
फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# भोले के जयकारों से शिवमय हुआ वातावरण



**चांदपुर (चिंगारी)।** सावन की शिवरात्रि नजदीक आने के साथ ही हरिद्वार से गंगाजल लेकर प्रतिदिन हजारों की संख्या में कांवरती चांदपुर से होकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं। प्रतिदिन हजारों की संख्या में कांवरतियों के आने से नगर का वातावरण पूर्णत: शिवमय हो गया है। कांवरतियों की सेवा के लिए नगर व क्षेत्र में अनेक स्थानों पर कांवरती शिविर लगाये गये हैं, जहां पर श्रद्धालुओं द्वारा दिन-रात कांवरतियों की सेवा की जा रही है। पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी ने भी कांवरती शिविर में पहुंचकर कांवरतियों की सेवा की। कमलेश सैनी ने सोशल वेलफेयर क्लब चांदपुर द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले विशाल भंडारे की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में मानवता, सहयोग और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। साथ ही उन्होंने विवेक हॉस्पिटल, बिजनौर द्वारा कांवड़ यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर अमित गोयल, अनुज कुमार, बृजेश कौशिक, शुभम सैनी, हरिराज सिंह, अतुल पंडित, आशू गोयल आदि उपस्थित रहे।

# बाढ़पीड़ितों को भगवान भरोसे नहीं छोड़ सकते- अशोक चौधरी



**चांदपुर (चिंगारी)।** रालोद नेता अशोक चौधरी ने ट्रैक्टर से बाढ़ग्रस्त खादर क्षेत्र के गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा उनका समाधान कराये जाने का भरोसा दिलाया। अशोक चौधरी ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में ग्रामीणों को भगवान भरोसे नहीं छोड़ा जाएगा। राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता और पदाधिकारी लगातार प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन को बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। प्रशासन को नाव, पशुओं के चारे, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, जिला महासचिव डॉ. विपिन तोमर, युवा विधानसभा अध्यक्ष रवि गांधी, नगर अध्यक्ष मुंजरीम अहमद, वरिष्ठ नेता अशफाक प्रधान, वरिष्ठ नेता राजीव राजपुर, वरिष्ठ नेता गुरदेव सिंह, वरिष्ठ नेता नरेश नेताजी, वरिष्ठ नेता अकरम उस्मानी, भूदेव सिंह, सबल सिंह, मौ. इकबाल, निक्की काकरान, संजय खान, प्रीत ढाका सहित अनेक रालोद कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# घास लेने गई युवती को सांप ने काटा


अस्पताल में भर्ती घायल युवती

**अफ़जलगढ़ (चिंगारी)।** ग्राम शिवपुरी निवासी पवन कुमार की करीब 17 वर्षीय पुत्री सपना अपनी माता ओमवती के साथ खेत पर गई थी। खेत में घास की गड्डी उठाते समय अचानक उसमें छिपे सांप ने सपना को काट लिया। सांप के काटने से किशोरी की हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद उसकी माता व अन्य परिजन उसे आनन-फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां किशोरी का उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद से परिजन उसकी हालत को लेकर चिंतित हैं।

# ट्रैक्टर-ट्राली का टायर फटने से एक कांवड़िये की मौत





अपने गंतव्य को जाते हुए बेड़े के कांवड़िये

**स्योहारा ( चिंगारी )**। शनिवार को गांव चंचलपुर में विश्राम करने को एक कावड़ियों का जत्था पैट्रोल पंप पर रुका। अचानक वहां एक ट्राली का टायर फट गया और ट्राली के नीचे विश्राम कर रहे दो कावड़िये घायल हो गये। पुलिस ने आनन-फानन में घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहाँ से एक कांवड़िये को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। हायर सेंटर पहुंचे कांवड़िये को चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया ।

जानकारी के अनुसार गांव चिमयावली ज़िला संभल निवासी 43 कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहा था। ग्राम चंचलपुर के निकट पेट्रोल पंप के सामने कांवड़ियों ने ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी कर दी और कुछ कांवड़िये उसके पास आराम करने के लिए लेट गए। इसी दौरान ट्रैक्टर-ट्राली का एक टायर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया। हादसे में ट्रैक्टर-ट्राली के पास सो रहे 13 वर्षीय सोनू पुत्र सुनील तथा 16 वर्षीय कार्तिक पुत्र अशोक घायल हो गए।

पुलिस की सहायता से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा पहुंचाया। चिकित्सकों ने सोनू की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया गया कि उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं कार्तिक को उपचार के बाद गंतव्य स्थान को रवाना कर दिया। हायर सेंटर रैफर भेजे गये सोनू की तबीयत बिगड़ने लगी। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया । स्योहारा पुलिस की सूचना पर सिविल लाईन मुरादाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को संज्ञान मे लिया ।

### पुलिस ने बॉर्डर तक छोड़ा

हादसे के बाद पुलिस ने संवेदना व्यक्त करते हुए ट्रैक्टर ट्राली की मैकेनिक द्वारा जांच कराकर गंतव्य स्थान के लिए रवाना किया और साथ ही साथ सभी को जलपान कराया। पुलिस सभी कांवड़ियों को जनपद के बार्डर तक छोड़कर आयी। उधर मुरादाबाद में कांवड़िये की मौत होने के बाद परिजनों में शोक की लहर दौड़ गयी ।

### गंगाजल की जगह भतीजे का शव लेकर गया जोगेंद्र

संभल के गांव चिमयावली से 43 कांवड़ियों के जत्थे मे जोगेंद्र अपने भतीजे सोनू के साथ आया था। ट्राली का टायर फटने के बाद चाचा जोगेंद्र अपने भतीजे को लेकर अस्तपाल दौड़ पड़ा। हायर सेंटर रैफर हुआ लेकिन सोनू जिंदगी से जंग हार गया। मायूस होकर जा रहे कांविड़ये चर्चा करते हुए जा रहे थे कि जोगेंद्र गंगाजल लेने आया था, लेकिन भतीजे की लाश लेकर घर जाएगा। सभी कांविड़ये मायूस होकर अपनी कांवड़ उठाए चलते रहे।

# सड़कों पर उमड़ा डाक कांवड़ वाहनों का सैलाब



-रुकन राजपूत

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के अंतिम चरण में अब सड़कों पर डाक कांवड़ वाहनों तथा दुपहिया कांवड़ वाहनों का सैलाब उमड़ पड़ा है। रातभर सड़कों पर कांवड़ वाहन दनादन दौड़ते रहे। आज तथा कल सड़कें कांवड़ियों के ही हवाले रहने का अनुमान है। परसों, 11 अगस्त को श्रावण मास की शिवरात्रि है। कल दोपहर के बाद से स्थानीय सड़कों पर कांवड़ वाहनों का सैलाब उमड़ पड़ा है। कल श्रावण का दूसरा सोमवार तथा परसों शिवरात्रि होने के चलते क्षेत्र से गुजर रहे बिजनौर - मंडावली मार्ग पर डाक कांवड़ वाहनों की लाइन लगी हुई है। रात भर सड़क पर कांवड़ वाहन दनादन दौड़ते रहे। रातभर डाक कांवड़ वाहनों पर बज रहे डीजे की आवाज कानों में गूंजती रही। वहीं बाइक सवार कांवड़िये भी भारी संख्या में हरिद्वार गंगाजल लेने के लिये जा रहे हैं। डाक कांवड़ वाहन जहां नांगल - मंडावली मार्ग से गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं , वहीं कांवड़ियों की मोटरसाइकिलें नांगल - भागूवाला नहर पटरी मार्ग से गंतव्य की ओर बढ़ रही हैं।

उधर हरिद्वार से लौटकर आ रहे पैदल कांवड़िये भी काफी संख्या में बिजनौर की ओर जा रहे हैं। हरिद्वार से लौट रहे अधिकांश कांवड़िये कलश कांवड़ धारण किये हुए हैं। पुलिस कांवड़ मार्गों पर जगह - जगह मुस्तैदी के साथ तैनात है तथा अधिकारी लगातार कांवड़ मार्ग पर गश्त कर रहे हैं।

बिजनौर के कांवड़िये विशेषकर बाइक सवार कांवड़िये भी काफी संख्या में गंगाजल लेने के लिये हरिद्वार जा रहे हैं। पहले बिजनौर के कांवड़िये केवल फाल्गुन मास में ही कांवड़ लेने जाते थे। कुछ समय पहले जनपद के इक्का - दुक्का कांवड़िये सावन में कांवड़ लाने के लिये जाने शुरू हुए। अब जनपद से भी हजारों की संख्या में कांवड़िये सावन में कांवड़ ला रहे हैं।



# बहंगी का ही रूप है कलश यात्रा

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। आजकल कांवड़ियों द्वारा लाई जा रहीं कलश कांवड़ , पुराने समय में लाई जाने वाली बहंगी का ही रूप हैं। हालांकि तब इतनी मात्रा में गंगाजल लाने का रिवाज नहीं था। दूसरे बहंगी आषाढ़ महीने में लाई जाती थी , सावन के महीने में नहीं।

पुराने दौर में गांवों के व्यक्ति गंगाजल से ग्राम देवता का जलाभिषेक करने के लिये बहंगी लाते थे। बहंगी लाना ग्रामीण क्षेत्रों की प्रसिद्ध परम्परा थी। बहंगी में बांस का एक लंबा डंडा या लाठी ली जाती थी। डंडे या लाठी के दोनों सिरों पर रस्सी की मदद से डिब्बे , बड़े लोटे या अन्य पात्र लटकाकर बांधे जाते थे। ग्रामीण ब्रह्ममुहूर्त में बहंगी को कांधे पर रखकर गंगाजल लाने के लिये निकलते थे। गंगा पर पहुंचकर पहले गंगास्नान करते थे और फिर बहंगी के पात्रों में गंगाजल भरकर घर लेकर आते थे। गंगाजल से ग्रामीण अपने - अपने गांव में ग्राम देवता का जलाभिषेक करते थे। यह परम्परा बड़ी आस्था और श्रद्धा के साथ पूर्ण की जाती थी। इस परम्परा को गांवों में उत्सव के रूप में मनाया जाता था। बहंगी लाने की परम्परा आषाढ़ माह में निभाई जाती थी। बहंगी लाने की परम्परा तो अब गांवों से लगभग विलुप्त हो गई है, लेकिन कांवड़िये सावन की कांवड़ यात्रा के दौरान जो कलश कांवड़ लेकर आ रहे हैं , वो बहंगी का ही आधुनिक रूप है। कलश कांवड़ का स्वरूप एकदम बहंगी जैसा है। स्वरूप एक जैसा होने के बावजूद अंतर ये है कि बहंगी में ग्राम देवता का जलाभिषेक करने के लिये सीमित मात्रा में गंगाजल लाया जाता था , जबकि कलश कांवड़ में बहुत ज्यादा मात्रा में भी गंगाजल लाया जा रहा है। बहंगी बेहद सादगी के साथ लाई जाती थी और कलश कांवड़ में आस्था के साथ - साथ दिखावे का चलन भी बढ़ रहा है।



# कांवड़ यात्रा को लेकर जीरो ग्राउंड पर उतरे डीएम व एसएसपी

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर द्वारा स्वयं जीरो ग्राउंड पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरंतर जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में अधिकारियों द्वारा मोतीचूर तक हाईवे का निरीक्षण कर डाक कांवड़ यात्रियों की बढ़ती भीड़, वाहनों की आवाजाही, पार्किंग व्यवस्था तथा यातायात संचालन की स्थिति का जायजा लिया गया।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को डाक कांवड़ यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पार्किंग स्थलों पर समुचित विद्युत व्यवस्था, शौचालय में साफ सफाई व्यवस्था,समुचित पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए, उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि हाईवे पर भारी वाहनों के दबाव



को देखते हुए रात्रि में पर्याय विद्युत व्यवस्था के साथ वर्षा के दृष्टिगत जलभराव क्षेत्रों में जल की निकासी के लिए समुचित प्रबंधन किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे।

उन्होंने बढ़ती डाक कांवड़ियों की भीड़ को नियंत्रित करने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डाक कांवड़ मार्ग पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा यातायात को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने कहा कि 05 अगस्त से भारी वाहनों एवं टू-व्हीलर वाहनों का आवागमन निरंतर जारी है। यातायात के दबाव को देखते हुए भारी वाहनों को बैरागी कैंप, दक्ष द्वीप तथा टू-व्हीलर वाहनों को गड्ढा पार्किंग ,दीनदयाल पार्किंग रोडीबेलवाला एवं पंतदीप पार्किंग में भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थलों पर वाहनों के प्रवेश एवं निकासी को व्यवस्थित रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं से भी अपील की गई है कि वे प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जारी गाइड लाइन यातायात एवं रूट डायवर्जन संबंधी निर्देशों का पालन करें तथा निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही अपने वाहनों को पार्क करें, जिससे कांवड़ यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराने में सभी का सहयोग मिल सके। इस अवसर पर एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह,एडिशनल एसपी रेनू लोहानी, सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी सहित भारी संख्या में पुलिस दल मौजूद रहे।

## ‘नशा मुक्त भारत’ विषय पर एसबीडी में हुई भाषण प्रतियोगिता

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय, धामपुर की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. अर्चना कुन्तल, विभागाध्यक्ष संस्कृत एवं कु. रितु देवी, असि.प्रो. अंग्रेजी विभाग द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायकों डॉ. रंजू सिंह, समाजशास्त्र विभाग एवं श्रीमती मीनू शर्मा, गृहविज्ञान विभाग के निर्णयानुसार प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. गार्गी, द्वितीय स्थान कु. पायल एवं तृतीय स्थान कु. तनीषा, (तीनों बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने कहा कि देश का जो युवा भविष्य बनाने की उम्र में है, वह गलत संगत और फैशन की बढ़ती हवा में अपनी जिन्दगी बर्बाद करने में तत्पर है। जो लोग इस दलदल में फंस चुके हैं, उनसे घृणा न करके उन्हें अच्छे उपचार द्वारा नशे की प्रवृत्ति से बाहर लाना होगा।

## दुष्यंत राणा ने धामपुर सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर क्षेत्र के ग्राम जैतरा निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत चौहान ने कल बिजनौर पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में धामपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर बिजनौर नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, बिजनौर विधानसभा के विधायक पति मौसम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।



पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से दुष्यंत चौहान वार्ता करते हुए।

## ‘विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस’ कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लें : यशपाल तुली

**धामपुर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय खत्री महासभा एवं पंजाबी समाज उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य यशपाल तुली ने आगामी 14 अगस्त को ‘विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस’ कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का अनुरोध किया है। प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में उन्होंने सभी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से अनुरोध किया है कि वह अपने सभी सदस्यों को इसके लिए प्रेरित करें तथा 14 अगस्त की शाम को किसी धार्मिक स्थल, मंदिर या गुरुद्वारा अथवा किसी देशभक्त की प्रतिमा के सामने मोमबत्ती जलाकर उन 10 लाख शहीदों को नमन करें, जिन्होंने धर्म के आधार पर देश के विभाजन के समय अपना बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि देश का यह विभाजन इतिहास का एक काला अध्याय है। नफरत व हिंसा के कारण कई करोड़ भाइयों और बहनों को अपना मूल स्थान छोड़कर देश के अन्य स्थानों की ओर विस्थापित होना पड़ा। 14 अगस्त 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया के माध्यम से देश के बंटवारे के दर्द को याद करते हुए इस दिन को राष्ट्रीय स्मृति दिवस के रूप में याद रखने की घोषणा की थी जिससे आने वाली पीढ़ियां इस घटना को याद रखें और इससे परिचित हो।

## बार एसोसिएशन हुई दो फाड़

### आर.के. आर्य की कार्यकारिणी आठ नम्बर तक करेगी कार्य

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्टेशन मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट में अधिवक्ताओं की मीटिंग वरिष्ठ संरक्षक हितेश भटनागर की अध्यक्षता व सुनील कुमार शर्मा के संचालन में हुई। मीटिंग में सर्वसम्मति से वरिष्ठ संरक्षक हितेश भटनागर ने कहा कि 8 नवंबर 2026 तक क्षेत्रीय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आर.के.आर्य एडवोकेट के नेतृत्व में पुरानी कार्यकारिणी सुचारू रहेगी। उन्होंने कहा कि गुटबाजी के तहत नए अध्यक्ष और कार्यकारिणी बनाई गई है। जो 9/8/2026 को शपथ का कार्यक्रम किया जा रहा है वो पूर्ण रूप से अवैध व असंवैधानिक है। बार में नए सदस्य के रूप में अंकुर मणि चौहान को जोड़ा गया उधर, क्षेत्रीय बार एसोसिएशन के दूसरे गुट के अध्यक्ष चौधरी अरुण प्रताप सिंह ने आज देर शाम शुभम् मंडप में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया है जिसके निमंत्रण पत्र छपवाकर भी वितरित किए गए हैं। क्षेत्रीय बार एसोसिएशन दो धड़ों में बट जाने पर अधिवक्ता असमंजस की स्थिति में है। मीटिंग में कनिष्ठ उपाध्यक्ष शहवाज अहमद, संयुक्त सचिव शुभम चौहान और अंजना देवी, प्रवक्ता दिनेश कुमार सैनी, अली खान महासचिव, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा सहित अजय कुमार चौहान, तुषार चौहान, कुणाल गांधी, उत्तम गुप्ता, संकेत अग्रवाल, पुलकित जैन, अनिल कुमार, सुमित सिसोदिया, जितेंद्र सिंह, अनूप अग्रवाल, पवन सलूजा मौहम्मद आलम परविंदर आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## शिवभक्त कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनज़र शुगर मिल ने पुलिस को दिये 10 रोड बैरियर




**धामपुर ( चिंगारी )।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने लोहे के 10 रोड बैरियर रानीबाग पुलिस चौकी को सौंपे। आशीष शर्मा ने बैरियरों को देने के उद्देश्य के बारे में बताया कि श्रावण मास में कांवड़ियों की आवाजाही को सुगम एवं सुरक्षित बनाना है ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।

बैरियर सौंपने के अवसर पर रानी बाग पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप खोखर एवं चौकी दीवान धर्मवीर खोखर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के कई अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। जिनमें प्रमुख रूप से इंजीनियरिंग हेड अभय शर्मा, सत्यवीर सिंह, मुकेश कश्यप, योगेंद्र सिंह, अरुण चौहान, विनोद बिष्ट, हारून खान, हिमांशु शर्मा, सुशील शर्मा, दिवाकर गुप्ता, संजीव सिन्हा, जितेंद्र, वीरेंद्र सुपरवाइजर, इमरान ठेकेदार, लविश कुमार तथा सिक्योरिटी ऑफिसर, अजय कुमार पांडेय एवं मनोज चौहान उपस्थित थे।

# खादर के गांवों में बाढ़ जैसे हालात



हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से खादर क्षेत्र के ग्रामीणों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। गंगा का पानी आसपास के जंगल व खेतों में फैलने के बाद सलेमपुर खादर, महमूद खादर, फैजीपुर खादर, ढोलनपुर सहित आसपास के गांवों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गये हैं। सलेमपुर खादर, फैजीपुर खादर में कई ग्रामीणों के घरों में बाढ़ का पानी घुस जाने से लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीण अपने परिवार और पशुधन की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

गंगा का जलस्तर बढ़ने का सबसे ज्यादा असर हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के जलीलपुर-छाछरी मोड़ संपर्क मार्ग पर दिखाई दे रहा है। मार्ग पर करीब तीन फीट पानी बहने के कारण इस रास्ते से आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। पानी का बहाव होने के कारण ग्रामीण इस मार्ग से बाइक, ट्रैक्टर अथवा अन्य वाहनों से भी निकलने का जोखिम नहीं उठा पा रहे हैं।



संपर्क मार्ग बंद होने से सलेमपुर खादर, महमूद खादर, फैजीपुर खादर और ढोलनपुर के सैकड़ों ग्रामीणों के सामने आवागमन की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। इन गांवों के अधिकांश ग्रामीणों का रोजमर्रा का बाजार जलीलपुर है। राशन, दवाइयां, कृषि संबंधी सामान और अन्य जरूरी वस्तुओं के लिए अधिकांश ग्रामीणों को जलीलपुर ही जाना पड़ता है।

## लोगों की परेशानी बढ़ी

ग्रामीण प्रीतम सिंह, मानसिंह, धर्मवीर, नरेश, मुला सिंह, बुद्ध सिंह, खजान, आर्यन, शीशराम, संजीव चौहान, जोगिंदर, राजेंद्र, सतीश चौहान, जयपाल, रमाकांत, प्रेम सिंह और कल्लू आदि ने बताया कि सामान्य दिनों में गांवों से जलीलपुर बाजार की दूरी करीब आठ किलोमीटर है। संपर्क मार्ग पर पानी भरने के कारण अब उन्हें दूसरे रास्तों से घूमकर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार वैकल्पिक रास्ते से जलीलपुर पहुंचने में करीब 20 से 25 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है। इससे समय और ईंधन दोनों की खपत बढ़ गई है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और बीमार लोगों को हो रही है।

## चारे का संकट गहराया

गंगा का जलस्तर बढ़ने से गांव सलेमपुर, फैजीपुर में बाढ़ का पानी कई घरों को अपनी चपेट में ले चुका है, वही आसपास का जंगल और कृषि क्षेत्र भी बाढ़ के पानी से भर गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल में बाढ़ का पानी भर जाने के चलते वह पशुओं के लिए हरा चारा लेने नहीं जा पा रहे हैं। पशुपालकों के सामने धीरे-धीरे चारे का संकट भी गहराने लगा है। किसानों ने बताया कि कई ग्रामीणों ने पहले से कुछ भूसा आदि का भंडारण कर रखा है, जिससे फिलहाल पशुओं के चारे की व्यवस्था किसी तरह चल रही है। लेकिन यदि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ता रहा तथा बाढ़ की स्थिति ओर कुछ दिन तक बनी रही तो भूसा भी समाप्त होने लगेगा। ऐसी स्थिति में पशुओं के लिए चारे की गंभीर समस्या पैदा हो सकती है।

**खादर क्षेत्र में गंगा के पानी के फैलाव से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। कई खेतों और जंगलों में पानी भरने के कारण किसानों की सामान्य गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार जलस्तर बढ़ने से यदि पानी और आगे बढ़ा तो खेतों में खड़ी फसलों और कृषि कार्यों पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।**

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# अमिता राजपूत चुनी गईं तीज क्वीन, भवी राजपूत बनीं तीज गर्ल



बिजनौर ( चिंगारी )। रवा राजपूत क्षत्राणी संघ बिजनौर द्वारा हरियाली तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनीता राजपूत ने एवं संचालन अर्चना राजपूत ने किया। इस अवसर कार्यक्रम संयोजिका चक्रिता राजपूत, अनामिका राजपूत व सुरेखा राजपूत रहीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष विनीता राजपूत ने कहा कि हरियाली तीज का पावन पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए अखंड सौभाग्य, प्रेम, आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक है। इस प्रकार के उत्सवों के आयोजनों से समाज को जोड़ने, अपनी पारम्परिक सास्कृतिक विरासत को संजोने व आने वाली पीढ़ी को अवगत कराने एवम् महिलाओं के आत्मविश्वास को दृढ़ करने, आगे बढ़ने और नेतृत्व करने का अवसर प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर तीज मिलन में तीज क्वीन अमिता राजपूत व तीज गर्ल भवी राजपूत को चुना गया। दोनों को ताज व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंक्चुअलिटी के लिए प्रथम स्थान पर माही राजपूत व द्वितीय स्थान पर रीता राजपूत को चुना गया। गेम्स में प्रथम स्थान पर सुनीता राजपूत, भवी राजपूत तथा द्वितीय स्थान पर अमिता राजपूत रही। महिलाओं व बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम को भव्य रूप देने में अर्चना राजपूत, विनीता, अनामिका राजपूत, भूमिका राजपूत का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संध्या राजपूत, चित्रा राजपूत, किरन राजपूत, मनीषा राजपूत, माही राजपूत, नमिता राजपूत, संगीता राजपूत, कामेश्वरी राजपूत, रीता राजपूत, हिमांक्षी राजपूत, प्राची राजपूत, रानी राजपूत, नीलिमा राजपूत, पवित्रा राजपूत, सुधा राजपूत, आदेश राजपूत, प्रीति राजपूत, अर्चना राजपूत, दीपा राजपूत, प्रतिभा राजपूत, स्वाति राजपूत, अमिता राजपूत, ज्योति राजपूत, मंजू राजपूत, चित्रा राजपूत, शशि तोमर, नीलम राजपूत, रावी राजपूत, कनिका राजपूत, चार्वी राजपूत, गहना राजपूत आदि उपस्थित रहीं।

# बाइक ठेली के पहिये में दुपट्टा फंसने से महिला की दर्दनाक मौत



बिजनौर ( चिंगारी )। शनिवार को नूरपुर रोड पर रूट्स इंटरनेशनल स्कूल के पास दर्दनाक हादसे में बाइक ठेली से दवाई लेने जा रही 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला का दुपट्टा अचानक ठेली के पहिये में फंस गया, जिससे उसकी गर्दन गंभीर रूप से कट गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हल्दौर के मोहल्ला खेड़ा निवासी बाबूराम की पत्नी सुमन देवी 50 वर्षीय शनिवार को अपनी रिश्तेदार रूही के साथ जिला अस्पताल से दवाई लेने बाइक ठेली से जा रही थीं। ठेली उनका पुत्र प्रशांत चला रहा था। नूरपुर रोड पर रूट्स इंटरनेशनल स्कूल के पास पहुंचते ही सुमन देवी का दुपट्टा ठेली के पहिये में फंस गया। हादसे में उनकी गर्दन गंभीर रूप से कट गई और उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अनिल सोती हत्याकांड में नया मोड़, भतीजे ने एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग

## करोड़ों की संपत्ति को लेकर उठे सवाल, गौरव सोती ने आरोपों को बताया साजिश का हिस्सा

**बिजनौर (चिंगारी)।** बहुचर्चित अनिल सोती हत्याकांड में नया मोड़ सामने आया है। मृतक के भतीजे और मामले में अभियुक्त बनाए गए गौरव सोती ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराने की मांग की है। गौरव ने आरोप लगाया है कि करोड़ों रुपये की संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद के चलते उसे साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। शाहबाजपुर खाना निवासी गौरव सोती पुत्र अश्वनी कुमार सोती ने एसपी को दिए प्रार्थना-पत्र में कहा है कि चाचा अनिल कुमार सोती से उसके अच्छे पारिवारिक संबंध थे। संपत्ति को लेकर दोनों के बीच किसी तरह का विवाद नहीं था। उसने अपने खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों को साजिश का हिस्सा बताते हुए घटना की वास्तविकता सामने लाने की मांग की है।

### संपत्ति को लेकर दबाव बनाने का आरोप

प्रार्थना-पत्र में गौरव ने आरोप लगाया है कि उसके चाचा की संपत्ति को लेकर कुछ लोग काफी समय से दबाव बना रहे थे। उसका कहना है कि अनिल सोती हमेशा संपत्ति अपने भाई के बच्चों के नाम रहने की बात कहते थे और किसी अन्य व्यक्ति के नाम वसीयत या गिफ्ट करने से इनकार करते थे। शिकायत के अनुसार, छोटी बहन की शादी के लिए जमीन के कुछ हिस्से को बेचने का एग्रीमेंट किया गया था और इस संबंध में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया भी पूरी की जा रही थी।

### नौकर के फोन से मिली घटना की जानकारी

गौरव के मुताबिक, 6/7 अगस्त की सुबह करीब छह बजे उसके नौकर नौशाद ने फोन कर बताया कि उसके चाचा अनिल सोती पिछले कमरे में गिरे हुए हैं। गौरव ने तत्काल डॉक्टर को बुलाने और पुलिस को सूचना देने के लिए कहा। उस समय वह नोएडा में था और बिजनौर पहुंचने में करीब तीन-चार घंटे लगे थे। उसने चाचा के घर के पास रहने वाले रिश्तेदार एडवोकेट दिव्य सोती और आलोक शर्मा को भी घटना की जानकारी देकर मौके पर पहुंचने के लिए कहा।

### हत्या का रूप देकर फंसाने की जताई आशंका

गौरव का दावा है कि चाचा की मृत्यु के बाद संपत्ति विवाद को हत्या का रूप देकर उसे फंसाने का प्रयास किया गया। उसने कुछ लोगों पर साजिश रचकर उसके खिलाफ कार्रवाई कराने का आरोप लगाया है। हालांकि, ये आरोप गौरव की ओर से एसपी को दिए गए प्रार्थना -पत्र में लगाए गए हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है। गौरव ने कहा कि वह अपने चाचा के बेहद करीब था और बीमारी के दौरान उनके इलाज के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर आर्थिक मदद भी करता था।

### एसपी से वास्तविक तथ्यों को सामने लाने की मांग

गौरव के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही वह नोएडा से बिजनौर के लिए रवाना हुआ और पुलिस से संपर्क करने का प्रयास किया। बाद में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की गई। उसने एसपी से पूरे मामले की गहराई से जांच कर वास्तविक तथ्यों को सामने लाने तथा कथित साजिश की भी जांच कराने की मांग की है।

## कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ

**नहटौर (चिंगारी)।** शनिवार को नहटौर नगर में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास आयोजित 'महादेव अन्नपूर्णा कांवड़ सेवा शिविर' में शनिवार को 8वें विशाल भंडारे का शुभारंभ धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विनोद सैनी (बीज भंडार वाले) ने फीता काटकर किया। शिविर में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए भोले बाबा के जयकारों के साथ भंडारे में प्रसाद वितरण शुरू हुआ। इस अवसर पर कृष्णा वर्मा, सुशील सैनी, हर्ष जैन, रोहित वर्मा, निशु भटनागर, बहादुर सैनी, तेजपाल सैनी, सोनू सैनी, राहुल सैनी, विक्की सैनी, मनोज सैनी, विपिन सैनी, अंकुर सैनी, राजवीर सैनी, कमल सैनी, मोहित भारद्वाज, मानिक वर्मा, अर्पित गुप्ता, अंकुश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



## बैंकेट हॉल में सोता हुआ मिला परिवार से बिछड़ा नन्हा कांवड़िया

**नहटौर (चिंगारी)।** कांवड़ यात्रा में जत्थे में शामिल 12 वर्षीय बालक अचानक बिछड़ गया, जिसे नहटौर पुलिस ने चंद घंटे में सकुशल ढूंढ निकाला। नजीबाबाद में बिछड़ा बालक फुलसंदा के बैंकेट हॉल में सोता हुआ मिला। बुलंदशहर के ग्राम बिगराऊं (थाना स्याना) निवासी मीना पुत्री बनवारी ने नहटौर पुलिस को सूचना दी कि वह अपनी मौसेरी बहन निशि (पुत्री सत्यवीर) और भाई नैतिक (12 वर्ष) के साथ हरिद्वार से वापस आ रही थी। रास्ते में मोटा महादेव से लगभग 15-20 किलोमीटर पहले नैतिक उनसे बिछड़ गया था। काफी तलाश के बाद भी जब नैतिक का पता नहीं चला। नैतिक की तलाश के लिए पुलिस टीम ने सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान, नैतिक चौधरी फार्म हाउस, फुलसन्दा नहटौर में सकुशल सोता हुआ मिला। बालक को तलाशने में थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह, महिला कांस्टेबल नेहा और कांस्टेबल विशाल का सहयोग रहा। बता दें कि दो दिन पूर्व नहटौर पुलिस ने लापता हुई संभल निवासी 12 वर्षीय बालिका प्रेमशिला को चंद घंटे में ढूंढकर परिजनों को सौंप दिया था। बालक नैतिक को उसकी बहन मीना और निशि के सुपुर्द किया गया। अपने बच्चे को सुरक्षित पाकर परिजनों ने बिजनौर पुलिस की त्वरित और सराहनीय कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए आभार जताया।





# हॉस्पिटल में मासूम प्रिशा की मौत से सब आहत

## मैं परिवार की पीड़ा को समझता हूं- मन्नान



**किरतपुर (चिंगारी)।** घटना पर किरतपुर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए इसे बेहद दर्दनाक और हृदयविदारक बताया। उन्होंने कहा कि एक मासूम की जिंदगी का इस तरह खत्म हो जाना बेहद पीड़ादायक है और इस घटना की जितनी निंदा की जाए, कम है। चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि संतान को खोने का दर्द शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी वर्षों पहले इसी असहनीय पीड़ा से गुजर चुके हैं। कम उम्र में अपनी बच्ची को खोने का दर्द आज भी उनके दिल में है। यही वजह है कि वह उस परिवार की पीड़ा को केवल महसूस ही नहीं, बल्कि बेहद करीब से समझ सकते हैं। उन्होंने ईश्वर-अल्लाह से दिवंगत मासूम के परिजनों को इस कठिन घड़ी में सब्र और हिम्मत देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक परिवार का दर्द नहीं है, बल्कि पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। निजी अस्पतालों में मरीजों को किस तरह की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज में डॉक्टर को फरिश्ते का दर्जा दिया जाता है, क्योंकि गंभीर बीमारी की स्थिति में मरीज और उसके परिजन डॉक्टर पर आंख मूंदकर भरोसा करते हैं। ऐसे में यदि किसी की लापरवाही या गैर-जिम्मेदाराना रवैये से मरीज की जान खतरे में पड़ती है तो यह विश्वास के साथ भी खिलवाड़ है। कुछ लोगों की लापरवाही का असर पूरे चिकित्सा पेशे की प्रतिष्ठा पर पड़ता है।

## जवाबदेही तय होनी चाहिए- मुदस्सिर



**किरतपुर (चिंगारी)।** बिजनौर के गोपाल हॉस्पिटल में सात वर्षीय मासूम की मौत की घटना को लेकर आजाद समाज पार्टी के युवा नेता मुदस्सिर जमा खां ने कड़ा रोष जताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। इलाज में किसी भी स्तर पर लापरवाही मरीज और उसके परिवार के लिए भारी पड़ सकती है। ऐसे मामलों में संबंधित स्टाफ को भी अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि कई निजी अस्पतालों में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक दबाव बनाए जाने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। कई बार अस्पताल का बिल जमा होने तक शव को परिजनों को सौंपने में भी परेशानी खड़ी की जाती है। मुदस्सिर जमा खां ने कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र सेवा और मानवता से जुड़ा है। डॉक्टर और अस्पताल के स्टाफ पर मरीजों की जिंदगी की बड़ी जिम्मेदारी होती है। इलाज में लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

## चिकित्सा में मानवता जरूरी- साईम राजा



**किरतपुर (चिंगारी)।** सात वर्षीय मासूम की मौत की घटना को लेकर किरतपुर मुस्लिम फंड कमेटी के अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता साईम राजा ने गहरा दुःख जताया है। उन्होंने घटना को बेहद दर्दनाक बताते हुए पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। साईम राजा ने कहा कि पीड़ित परिवार जिस सदमे से गुजर रहा है, उसे बयान करने के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। सात वर्षीय बच्ची का अचानक दुनिया से चले जाना ऐसा गहरा दर्द है, जिसे परिजन पूरी जिंदगी नहीं भूल पाएंगे। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में उनकी पूरी संवेदना और हमदर्दी पीड़ित परिवार के साथ है।

उन्होंने कहा कि घटना से अन्य निजी अस्पताल संचालकों को सबक लेना चाहिए और मरीजों के उपचार में पूरी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और सावधानी बरतनी चाहिए। चिकित्सा सेवा एक बेहद जिम्मेदारी भरा कार्य है, जिसमें मानवता और संवेदनशीलता का होना जरूरी है।

# झालू चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी के कैंप कार्यालय पर कैबिनेट मंत्री का भव्य स्वागत

**झालू ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह के यहां पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। शनिवार शाम झालू चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी के कैंप कार्यालय पर भारी संख्या में चेयरमैन समर्थकों व नगरवासियों ने पहुंचकर कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया।

## चेयरमैन लोकेंद्र की प्रशंसा की

**मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी की तारीफ करते हुए कहा कि आपका कस्बा झालू चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में विकास की ओर अग्रसर है। सरकार लगातार विकास कार्यों में पैसा खर्च कर रही है। नगर की मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। वहीं सरकार की ओर से नगर निकायों की बेहतर कर प्रबन्धन व्यवस्था लागू की गयी है।**



चेयरमैन लोकेंद्र का परिवार मंत्री जी को श्री राम का चित्र भेंट करते हुए।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने भाजपा की बिना भेदभाव वाली नीति के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि चाहे व्यक्ति किसी भी धर्म या संप्रदाय का हो, भाजपा की हर लाभप्रद योजना का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को समान रूप से मिल रहा है। राजा, प्रजा में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं कर सकता है। सभी धर्म के नागरिकों को बराबर का दर्जा दिया जा रहा है, सरकार की नीति सबको बिना किसी भेदभाव के साथ लेकर चलने की है। देश के विकास में सबको साथ लेने का संकल्प हमारा है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार शुगर मिलों का भी लगातार विस्तार कर रही है, और समय से पेमेंट भी दिलवा रही है। सरकार युवाओं की बेहतरी के लिए भी लगातार कार्य कर रही है। आज युवाओं को बिना किसी सिफारिश के और बिना किसी रिश्वत के सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। वहीं उन्होंने आगे कहा कि अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी, उन्हें किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



मंत्री भूपेंद्र चौधरी संबोधित करते हुए

### मंच पर ये भाजपा नेता रहे मौजूद

कैबिनेट मंत्री के साथ मंच पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र उर्फ बॉबी, चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी, बिजनौर चेयरपर्सन इंदिरा सिंह, भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा सभा में सूरज प्रधान, संजय वर्मा, मास्टर गिरिराज सिंह, सुरेश वर्मा, प्रशांत चौहान, बिट्टू जोशी, सौरभ चौधरी, राजू चौधरी, सितम सिंह, सत्येंद्र सिंह, मास्टर विजयपाल जोशी, राजवीर चौधरी, संदीप चौधरी, पुन्नू (नीपेंद्र) दीपक चौधरी, उपेंद्र चौधरी, गजेन्द्र सिंह राणा, मनोज अग्रवाल, हितेश चौधरी, कामेंद्र आदि मौजूद रहे।

# सांसद चंद्रशेखर ने अनुदेशकों के एरियर भुगतान की मांग की

## मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**नगीना ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मुखिया व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर परिषदीय अनुदेशकों के वर्ष 2017 से अप्रैल 2026 तक के बकाया मानदेय (एरियर) का शीघ्र भुगतान करने की मांग की है।



सांसद चंद्रशेखर आजाद ने पत्र में कहा है कि प्रदेश के परिषदीय अनुदेशकों के वर्ष 2017 से अप्रैल 2026 तक के बकाया मानदेय (एरियर) का भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिसके कारण हजारों अनुदेशक एवं उनके परिवार गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।परिषदीय अनुदेशक वर्षों से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ऐसे में न्यायालय के आदेशों का समयबद्ध एवं पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करना शासन का दायित्व है। अनावश्यक विलंब न केवल न्यायालय के आदेशों की भावना के विपरीत है, बल्कि इससे हजारों परिवार आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना करने के लिए विवश हैं। पत्र के माध्यम से उत्तर प्रदेश के सभी पात्र परिषदीय अनुदेशकों को वर्ष 2017 से अप्रैल 2026 तक का बकाया मानदेय (एरियर) शीघ्र अदा कराए जाने तथा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पूर्ण एवं समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

# कार्यालय : नगर पालिका परिषद, हल्दौर जनपद–बिजनौर।

पत्रांकः/ **1324** /न0पा0प0ह0/2026–27, दिनांकः **05 अगस्त, 2026**

**–:: सार्वजनिक सूचना ::–**

**–:: नोटिस अन्तर्गत धारा 143 (1), 147 (2) उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916 ::–**

एद्तद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सम्पत्तिओं का नामान्तरण हेतु रजिस्टर्ड बैनामा/रजिस्टर्ड वसीयतनामा/वारिसान प्रमाण–पत्र/मृत्यु प्रमाण–पत्र/शपथ–पत्र व अन्य विधिक साक्ष्यों सहित आवेदन पत्र दिये गये है। नगरपालिका के गृहकर अभिलेखों में उक्त सम्पत्तिओं के संबंध में नया नाम दर्ज होना है, जिनका विवरण इस प्रकार हैः–

| क. सं. | सम्पत्ति का पता | केता का नाम व पता | विकेता का नाम व पता | नामान्तरण का आधार | क्षेत्रफल | भवन संख्या/ अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | मौ0 हरवंशगंज | श्री राजन वर्मा पुत्र स्व0 महेश कुमार वर्मा, नि0 मौ0 रईसान, हल्दौर (बिजनौर)। | 1. श्री मौं0 फुरकान, 2. श्री जुल्फुकार अहमद अन्सारी, 3. श्री तसलीम, 4. श्री नसीम, 5. श्री शमीम अहमद पुत्रगण स्व0 इकरामुद्दीन, नि0 मौ0 चमनवाला, हल्दौर, 6. श्रीमती तसलीमा पत्नी श्री नईम अहमद, 7. श्री जाकिर हुसैन पुत्र स्व0 इकरामुद्दी, नि0 मौ0 रईसान, हल्दौर, 8. श्रीमती शमीमा पत्नी श्री मौहम्मद राशि, नि0 हाउस नं0–19, जैमल नगर, लाम्बा पिंड रोड ,मुस्लिम कालोनी, जलांधर (पंजाब), 9. शबनम पुत्री स्व0 इकरामुद्दीन, नि0 बजाजान बास्टा तहसील चान्दपुर 10. श्री वसीम अहमद पुत्र स्व0 इकरामुद्दीन, नि0 हा0नं0–56, गली नं0–1, ओल्ड मुस्तफाबाद, पोस्ट गोकलपुरी, जिला नोर्थ ईस्ट दिल्ली। | पंजीकृत बैनामा दि0 28.04.2026 | 20.44 वर्ग मी0 | नया नाम |
| 2. | मौ0 महलवाला | श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री सौपाल, नि0 मौ0 हरवंशगंज, हल्दौर (बिजनौर) | श्री कन्दर्प सिंह चौहान पुत्र श्री विजयपाल सिंह चौहान, नि0 मौ0 भूड़ (चमनवाला), हल्दौर एवं श्री वैभव प्रताप पुत्र श्री आदेश कुमार, नि0 मौ0 रईसान, हल्दौर। | पंजीकृत बैनामा दि0 27.07.2026 | 72.84 वर्ग मी0 | नया नाम |

अतः उपरोक्त सम्पत्ति पर कॉलम संख्या–03 में अंकित नाम को निकाय के गृहकर अभिलेखों में दर्ज करने में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो निकाय कार्यालय में अपनी आपत्ति मय अभिलेखीय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत करने के लिए उक्त धाराओं के अन्तर्गत एक माह (30 दिन) का समय दिया जाता है। निर्धारित समय–सीमा के उपरान्त किसी भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर स्वामित्व के रूप में आवेदक का नया नाम नगर पालिका परिषद हल्दौर (बिजनौर) के गृहकर अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्
हल्दौर (बिजनौर)

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की भव्य प्रतिमा का अनावरण

## बिजनौर नगरपालिका ने किया सराहनीय काम- भूपेन्द्र चौधरी

### कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह ने किया उद्घाटन



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह।



कैबिनेट मंत्री भूपेन्द्र सिंह का स्वागत करते हुए इन्दिरा सिंह व डा. बीरबल सिंह आदि।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर देश के 140 करोड़ लोगों के लिए प्रेरणा पुंज हैं। उन्होंने सनातन के प्रतीक स्थानों का जीर्णोद्धार कराकर उन्हें समाज में पुन: सम्मान दिलाया है। मंत्री जी ने कहा कि बिजनौर नगर पालिका परिषद ने नगर में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापित करके एक सराहनीय और सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने का काम किया है। कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह ने नगर के रामलीला तिराहे पर स्थापित की गई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की भव्य प्रतिमा का अनावरण करने के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का पूरा जीवन देश और समाज के कल्याण के लिए समर्पित रहा। वर्तमान प्रदेश सरकार भी सनातन धर्म के प्रतीक स्थानों को उनका पुराना गौरव और सम्मान वापस दिला रही है। सरकार ने मथुरा, बनारस सहित देश के तमाम प्रमुख धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कराया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका परिषद बिजनौर की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि नगर पालिका परिषद सभी जाति और धर्म के महापुरुषों का सम्मान करती है। इसी कड़ी में नगर के विभिन्न चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित कर उनका लोकार्पण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया धनगर समाज और पाल समाज के विशेष अनुरोध पर रामलीला तिराहे पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की इस भव्य प्रतिमा की स्थापना कराई गई है।

भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों और उनके संघर्षमयी जीवन को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को डॉ. बीरबल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, झालू नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी, रचना पाल, माया देवी पाल, चंद्रपाल सिंह धनगर, एमपी सिंह धनगर और शीशपाल सिंह सहित कई अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया और लोकमाता के योगदान को याद किया। इस दौरान भारी संख्या में गणमान्य नागरिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कारी अब्दुल हन्नान के दामाद की दिल्ली में मौत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आलिमे दीन कारी अब्दुल हन्नान के दामाद मुहम्मद जावेद की दिल्ली में हार्ट अटैक से मौत हो गई। खबर सुनकर बिजनौर में शोक व्याप्त हो गया। स्थानीय मोहल्ला खत्रियान निवासी मुहम्मद जावेद ज़ाफराबाद दिल्ली में रहते थे। कल सुबह अचानक दिल का दौरा पड़ने से जावेद की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही बिजनौर में शोक की लहर दौड़ गई। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक संवेदनाएं।

## आर.आर. पब्लिक स्कूल में हुई सुलेख प्रतियोगिता



**नूरपुर ( चिंगारी )।** स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल नूरपुर में अंग्रेजी विषय के लिए सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सुलेख प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। शिक्षिका स्वाति यादव के अनुसार अलग-अलग कक्षाओं के लिए आयोजित की गई सुलेख प्रतियोगिता में कक्षा एक ए में अनन्या त्यागी, बी में ध्रुव कुमार, सी में परमवीर सिंह, कक्षा दो ए में ईशान्वी चौहान, बी में बासु, सी में शानवी चौहान, कक्षा तीन ए में परिधि सिंह, बी में अनिरुद्ध सिंह, सी में दीक्षित कुमार, कक्षा चार ए में आजया, बी में प्राकृति त्यागी, कक्षा पांच ए में शिवांग यादव, बी में शाहनवी, कक्षा छ: ए में जैविक आर्य, बी में मनदीप सिंह कक्षा, सात ए में सिद्रा, बी में तनिष्का, कक्षा आठ ए में कर्णिका राजपूत, बी में अक्षा परवीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह, तरूण गर्ग, नरेंद्र सिंह, पूजा चौहान, कपिल कुमार, आशु त्यागी का सहयोग रहा।

## ऑपरेशन के बाद महिला की हालत बिगड़ी, परिजनों ने किया हंगामा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्राइवेट अस्पताल में महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने हंगामा किया। समझौता होने पर परिजन शांत हुए। ग्राम भगैन निवासी महिपाल की पत्नी रीता का देहरादून में ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन के बाद महिला को कुछ दिक्कत होने पर परिजन उसे विदुर कुटी रोड स्थित कामाख्या अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने जांच के बाद ऑपरेशन के दौरान नसों में दिक्कत होने की बात बताई। इसके बाद तीन अगस्त को महिला का दोबारा ऑपरेशन किया गया।

शनिवार को परिजन महिला की पट्टी कराने अस्पताल पहुंचे। आरोप है कि ऑपरेशन के बाद टांकों में पस पड़ने की समस्या दूर नहीं हुई। उन्होंने ऑपरेशन में लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का आरोप है कि शिकायत करने पर चिकित्सक ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। महिपाल ने बताया कि पत्नी के इलाज के लिए उसने अपना मकान दो लाख रुपये में गिरवी रखा है। इसके बावजूद पत्नी को आराम नहीं मिला। परिजनों का कहना है कि मां कामाख्या अस्पताल में इलाज के नाम पर 80 हजार रुपये से अधिक खर्च हो चुके हैं। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। बाद में अस्पताल प्रबंधन की ओर से कुछ रकम वापस किए जाने की बात सामने आई है।

### परिजनों के कहने पर किया गया ऑपरेशन

**अस्पताल संचालक डा. भरत वीर ने बताया कि महिला का पहला ऑपरेशन देहरादून में हुआ था, उसकी हालत ठीक नहीं थी। अस्पताल में दिखाने पर नसों के ब्लॉक होने की जानकारी सामने आई थी। परिजनों के कहने पर महिला का दोबारा ऑपरेशन किया गया। अब परिजन अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मरीज की आर्थिक स्थिति को देखते हुए इलाज में ली गई कुछ रकम वापस कर दी गई है।**

# भाकियू में संगठन विरोधी गतिविधियों पर कड़ा रुख, तीन पदाधिकारी हटाये

## जिला उपाध्यक्ष लुधियान सिंह पदमुक्त, मुनेन्द्र काकरान व हेमेन्द्र कुमार संगठन से निष्कासित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) बिजनौर की जिला कार्यकारिणी की बैठक ग्राम नांगल जट स्थित जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन में अनुशासनहीनता और संगठन विरोधी गतिविधियों को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए तीन पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्णय लिया गया।

बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों ने आरोप लगाया कि संगठन के कुछ पदाधिकारी लगातार संगठन विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं। साथ ही भारतीय किसान यूनियन जनपद बिजनौर के मुख्य संगठन के समानांतर संगठन खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष द्वारा नियुक्त पदाधिकारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों के समानांतर नियम विरुद्ध अलग पदाधिकारी घोषित करने तथा उनकी सभाएं कराने और इन सभाओं में जिलाध्यक्ष व शीर्ष नेतृत्व के प्रति अशोभनीय टिप्पणियां करने व कराने की भी निंदा की गई।

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव चौधरी कुलदीप सिंह ने कहा कि संगठन में अनुशासन




बनाए रखने के लिए गत 11 मई को भाकियू मुख्यालय सिसौली से भी पत्र जारी किया गया था। इसके बावजूद कुछ पदाधिकारी लगातार अनुशासन भंग करते हुए संगठन के समानांतर संगठन खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं।

बैठक में सर्वसम्मति से जिला उपाध्यक्ष चौधरी लुधियान सिंह को पदमुक्त करने तथा मुनेन्द्र सिंह काकरान और हेमेन्द्र कुमार उर्फ फौजी को संगठन से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि लुधियान सिंह पुराने और वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। उन्हें केवल पद से मुक्त किया गया है, जबकि एक बुजुर्ग कार्यकर्ता के रूप में वह संगठन में बने रहेंगे। वहीं मुनेन्द्र सिंह काकरान और हेमेन्द्र कुमार को संगठन से पूर्णत: निष्कासित किए जाने की बात कही।

बैठक में चौधरी कुलदीप सिंह, महेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह प्रधान, सोमपाल सिंह, रोहित राणा, धर्मवीर सिंह, विनित, दिनेश कुमार, अमित मान, नरदेव सिंह, चरन सिंह, जसवंत सिंह, हुकम सिंह, बृजवीर सिंह, नीटू चौधरी, मौ. याकूब, रविशेखर तोमर, मास्टर देवेन्द्र सिंह, शीशपाल सिंह, मौ. नासिर, अशोक कुमार, राजपाल सिंह, अनिल चौहान, सचिन चौधरी, राजवीर सिंह, सुनील कुमार, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# मुस्सेपुर के पास बाइक सवारों पर जानलेवा हमला, फायरिंग की

### एक व्यक्ति के हाथ में गोली लगी

**नहटौर ( चिंगारी )।** शनिवार देर रात गांव मुस्सेपुर के पास बाइक सवारों पर जानलेवा हमला हुआ। अज्ञात बदमाशों ने घात लगाकर तीन बाइक सवारों को रोका और उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। विरोध करने पर फायरिंग भी की गई। जिसमें एक युवक गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार हरगनपुर निवासी मनोज दुबे जो गन्ना क्रय केंद्र के इंचार्ज हैं। और नूरपुर क्षेत्र के गांव मंडोरा निवासी सुमित कुमार अपने एक अन्य रिश्तेदार के साथ धामपुर रेलवे स्टेशन पर एक फौजी को छोड़कर दो बाइकों से अपने घर लौट रहे थे। जब तीनों बाइक सवार नहटौर के मुस्सेपुर गांव के पास पहुंचे, तो पहले से घात लगाए बैठे 7-8 अज्ञात लोगों ने उनकी बाइकों को जबरन रोक लिया। बिना किसी पुरानी रंजिश या बातचीत के हमलावरों ने लाठी-डंडों से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

पीड़ितों द्वारा विरोध करने की कोशिश करने पर हमलावरों ने दहशत फैलाने और जान से मारने के इरादे से फायरिंग शुरू कर दी। इस गोलीबारी के दौरान एक गोली सुमित कुमार के हाथ में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े।

रात के सन्नाटे में गोलियों की आवाज और चीख-पुकार सुनकर मुस्सेपुर गांव के ग्रामीण तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख और उनका विरोध बढ़ता देख, हमलावर मौके से अपनी बाइकें लेकर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने घायल सुमित कुमार को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार, उनके हाथ में लगी चोट और अधिक खून बहने के कारण उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी

# एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु से प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने प्रदेशीय कार्यालय पर मुलाकात कर आगामी आंदोलन पर चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता एनपीएस एवं निजीकरण केवल पूंजीपतियों का षड्यंत्र है, जिसके लिए सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संगठित होने की आवश्यकता है। आगामी 21 अगस्त को प्रदेश के जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा एवं 25 सितंबर को लखनऊ में महारैली आयोजित की जाएगी। प्रत्येक कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं कर्मचारी संगठित होकर शामिल होने का कार्य करें। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम ज़ोन प्रभारी



चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा दृढ़ संकल्पित है। आगामी आंदोलन पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष में मील का पत्थर साबित होंगे।

# हिस्ट्रीशीटर ने दलित की जमीन पर किया कब्ज़ा

**पैजनिया ( चिंगारी )।** क्षेत्र के एक हिस्ट्रीशीटर द्वारा दलित की जमीन पर कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव औलियापुर निवासी टिंकू सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया कि पड़ोस के गांव रसूलपुर निवासी सुरेश उर्फ हटवा व उसके पुत्रों सनी और जितेंद्र ने फजलपुर ढाकी मार्ग स्थित उसकी 500 गज जमीन पर कब्जा करते हुए नींव उखाड़ दी। टिंकू का आरोप है कि जब उसने इस बाबत सुरेश उर्फ हटवा से पूछा तो उसने व उसके पुत्रों ने टिंकू व उसकी मां सोमवती को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां दीं और मारपीट पर उतारू हो गए। पत्र में टिंकू ने पुलिस से जान-माल की सुरक्षा करने व जमीन पर कब्जा हटवाने की मांग की है। इस संबंध में हल्दौर थाना प्रभारी निदेशक विजेंद्र राठी ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है, मैं किसी काम से बाहर हूं, अगर कोई तहरीर दी है तो कार्यवाही होगी।

# रोटरी क्लब ने स्कूल में किया पौधारोपण

**स्योहारा ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण के तत्वावधान में ठाकुरद्वारा रोड स्थित गोल्डन बेल सीनियर इंटरनेशनल सेकेंडरी स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक गुरविंदर सिंह ने कहा कि पौधारोपण से प्रकृति और पर्यावरण का संतुलन बना रहता है। उन्होंने कहा कि हमें न केवल पौधारोपण करना चाहिए, बल्कि पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। इस मौके पर 30 पौधे लगाए गए और उनकी पूरी जिम्मेदारी विद्यालय अध्यापक और स्टाफ के द्वारा ली गई। क्लब के अध्यक्ष कांताप्रसाद पुष्पक, सचिव हरिओम सिंह गुर्जर,कोषाध्यक्ष संजीव अरोड़ा, वरिष्ठ रोटेरियन संजय जैन,




शोभित जैन, मुकेश मिगलानी, भूपेंद्र मिगलानी, प्रदीप दुबे, शगुन दुआ, ऋषभ जैन, आकाश जैन और विद्यालय प्रिंसिपल स्टाफ आदि ने पौधारोपण में अपना योगदान दिया।

# प्रिशा की मौत पर हल्दौर के पत्रकारों में शोक


प्रिशा का फाइल फोटो

**हल्दौर ( चिंगारी )।** प्रिशा बिटिया सिर्फ संजीव मिश्रा की ही बिटिया नहीं थी, वह पूरे नगर की लाड़ली बिटिया थी। सभी लोग उससे बहुत लाड़-प्यार करते थे। अपनी प्यारी मुस्कान और समझदारी की बातों से वह घर आने वाले मेहमानों व संजीव मिश्रा के परिचितों पर अमिट छाप छोड़ देती थी, इसलिए सभी लोग उससे बहुत प्यार व स्नेह करते थे। प्रिशा के अचानक यूं चले जाने से उसके परिजनों के साथ-साथ सभी नगरवासी गम व शोक में हैं और लापरवाह चिकित्सक के प्रति आक्रोशित हैं। वरिष्ठ पत्रकार सुरेश प्रकाश शर्मा, मौहम्मद इरशाद मलिक, अतुल गांधी, डॉ. प्रदीप दुबे, नरेंद्र अहलावत, प्रमोद चौहान, डा. अमानत अली, डॉ. सज्जन मलिक, बृजेशचंद्र शर्मा, महिपाल सिंह, विकास पंकज, प्रकाश पंकज, रघुराज सिंह नागर, अतुल मारवाड़ी, डॉ. श्रीकांत वर्मा, मौहम्मद राशिद मलिक, सुहेल मंसूर, अहमद अंसारी एडवोकेट, मनोहर कश्यप, अजीम इदरीसी, अमर सिंह पम्मी, नवीन कुमार एडवोकेट, गौरव चौहान गोल्डी, मोनू चौहान, डा. मुश्ताक अहमद, गुड्डू हक्कानी, यूसुफ अब्बासी, उस्मान फरीदी, पीयूष चौहान, दर्पण रावल, अनिल सिंह, वरुण प्रताप सिंह, चंचल वशिष्ठ, दीपक चौहान चानू, मयंक वर्मा गोपी, पुनीत शर्मा पुन्नी, भूपेंद्र सिंह, नवीन शर्मा आदि नगरवासियों ने प्रिशा मिश्रा के निधन पर गहरा दुःख व शोक व्यक्त करते हुए उसके परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है और जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## ब्राह्मण सभा की शोक सभा हुई

**हल्दौर ( चिंगारी )।** ब्राह्मण सभा की एक बैठक डा. श्रीश शर्मा के निवास पर संपन्न हुई, जिसमें नगर के पत्रकार संजीव मिश्रा की इकलौती पुत्री के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि हॉस्पिटल की लापरवाही के आगे सात वर्षीय छोटी सी प्रिशा बच्ची जिंदगी हार गई। नगर अध्यक्ष डॉ. श्रीश शर्मा ने कहा कि प्रिशा की तबियत बिगड़ रही थी, माता-पिता के बार-बार कहने पर भी डाक्टर ने उसे देखना गंवारा नहीं समझा। ब्राह्मण सभा ने शासन एवं प्रशासन से कार्यवाही करने की मांग की। अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर पुण्यात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बैठक में संजय वशिष्ठ, अतुल गांधी, डॉ. प्रदीप दुबे, विकास पंकज, आकाश शर्मा, विनय मोहन, बृजेशचंद्र शर्मा, संदीप दुबे, अमर द्विवेदी, नरेश शर्मा, दिनेश संख्यांक, चंचल वशिष्ठ, अवनीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# 12 को निकाली जायेगी भव्य तिरंगा यात्रा


ब्लॉक के डबाकरा हॉल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ओमकुमार।

**नहटौर ( चिंगारी )।** ब्लॉक के डबाकरा हॉल में आयोजित भाजपा की बैठक में विधायक ओमकुमार ने कहा कि तिरंगा, ध्वज के साथ-साथ हमारी आन-बान और शान का प्रतीक है। 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा डबाकरा हॉल से प्रारंभ होकर तिरंगा चौक तक निकाली जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल ने एवं संचालन कपिल शर्मा ने किया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, सुभाष शर्मा, कुलबीर देवपुत्र, प्रदीप जोशी, राकेश सैनी, राहुल चौधरी, आकाश कुमार, उर्मिला देवी, अंकज आशियान, अंशित जैन, महावीर सैनी, प्रशांत वर्मा, सावन सूद, संजीव प्रधान, सचिन कुमार, रामगोपाल सैनी, मंजीत सिंह, शहाना, राहुल सैनी, जोगेंद्र सिंह, अर्पित आदि उपस्थित रहे।

# अवैध वसूली का वीडियो वायरल होने पर जांच समिति बनाई


**नहटौर ( चिंगारी )।** आवास योजना के नाम पर पैसे मांगने की वीडियो वायरल होने पर खंड विकास अधिकारी द्वारा मामले की जांच एडीओ पंचायत को सौंपी है। पंचायत सचिव के सहायक पर 25 हज़ार की डिमांड का आरोप है। आरोप है कि सचिव के सहयोगी द्वारा आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर 25 हज़ार की डिमांड की गई थी। वीडियो में पंचायत सचिव के साथ-साथ ग्रामीण भी बैठे दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो 3 माह से अधिक पुरानी बताई जा रही है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। पंचायत सचिव ने आरोपों को निराधार और फर्जी बताया। वायरल वीडीओ का संज्ञान लेते हुए खंड विकास अधिकारी ने जांच समिति गठित की है। खण्ड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया की वायरल वीडियो की जांच के संबंध में एडीओ पंचायत के नेतृत्व में टीम गठित की गई है, जो एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट भेजेगा और उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# चन्द्रपाल सिंह ने संगठन का विस्तार करते हुए दो ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किये



**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चंद्रपाल सिंह ने संगठन का विस्तार करते हुए दो ग्राम अध्यक्ष की नियुक्ति की। शुक्रवार को क्षेत्र के गांव ढेला अहीर में संगठन की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बोलते हुए चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने राष्ट्रीय आह्वान पर 13 अगस्त को आयोजित होने वाले ट्रैक्टर मार्च में बड़ी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए धर्मेन्द्र कुमार को ढेला अहीर व निपल कुमार को ग्राम अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान दोनों गांवों में दर्जनों किसानों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी चंद्रपाल सिंह एवं संचालन मास्टर देवेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विनीत धनकड़, महासचिव लोकेश कुमार, ऋषिपाल सिंह, मोनू प्रजापति, सुभाष प्रधान, धर्मेंद्र कुमार, विजयपाल सिंह, दयानंद सिंह, विकास यादव, अभय चौधरी सहित संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 15 अगस्त तक ई केवाईसी नहीं कराई तो महंगे दाम पर मिलेगा घरेलू सिलिंडर



**नगीना ( चिंगारी )।** एलपीजी उपभोक्ताओं को 15 अगस्त से पहले ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। घरेलू गैस सिलिंडर उपभोक्ताओं ने यदि समय पर ई-केवाईसी नहीं कराई तो उन्हें महंगे दाम पर सिलिंडर खरीदना पड़ सकता है। नगीना में अकेले भारत गैस के ही करीब दो हजार घरेलू गैस सिलिंडर उपभोक्ताओं ने अभी ई-केवाइसी नहीं कराई है। नगीना गैस सर्विस (इंडेन) के स्वामी मुंशी राम ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अपने घरेलू गैस कनेक्शनों की ई-केवाइसी नहीं कराई है, वो प्रत्येक दशा में 15 अगस्त तक अवश्य करा लें। ताकि उन्हें किसी असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। उनका कहना है कि काफी संख्या में ऐसे उपभोक्ता हैं जो ई-केवाइसी करने में रुचि नहीं ले रहे हैं।

# विदुर कुटी के समग्र विकास की मांग को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले शिवम अग्रवाल


प्रदेश अध्यक्ष को श्री राम दरबार की प्रतिमा भेंट करते हुए शिवम अग्रवाल

**झालू ( चिंगारी )।** कस्बा झालू निवासी शिवम अग्रवाल एडवोकेट ने शनिवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने महाभारत कालीन ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहर विदुर कुटी के समग्र विकास के लिए प्रदेश अध्यक्ष से आग्रह किया। शिवम अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से आग्रह किया कि विदुर कुटी को भव्य पर्यटन एवं आध्यात्मिक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि विदुर कुटी का ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके समुचित विकास से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा स्थानीय व्यापार को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने विदुर कुटी के सौंदर्यीकरण, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा इसे राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन एवं आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने इस संबंध में उचित स्तर पर प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया।

# गुरू तेग बहादुर स्कूल में हुई विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता




**नूरपुर ( चिंगारी )।** धामपुर रोड स्थित गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल नूरपुर में विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इसमें सभी पांच हाउस के कक्षा 3 से 9 तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान पर तेज हाउस, द्वितीय स्थान पर सुभाष हाउस एवं तृतीय स्थान पर भगत सिंह हाउस रहा। सुभाष हाउस से हितांशी, यशिका, वैभव, अफान, धैर्य, हिमाक्षी, भूमि, अक्षर, यथार्थ, प्रीत, ध्रुवी, सद्र, शैलभ, कुंज ने सबसे ज्यादा सही जवाब दिए। गांधी हाउस से अरहान, युग, अविषा, अनबिया, रैना, पुष्टि, चेष्टा, फारिया, बिलाल, कृति ने सबसे ज्यादा सही जवाब दिए। टैगोर हाउस से गर्वित, विराज, वेदांत, पार्थ, प्रज्ञा, राधिका, निधि, कार्तिक, इशांत, कृतिका, फलक ने सबसे ज्यादा सही जवाब दिए भगत सिंह हाउस से दिशा, प्राची, रौनक, ईशप्रीत, शौर्य, अव्यय, आरुषि, ध्रुव, अफान, अभिनव, सिमरा, सुखजोत ने सबसे ज्यादा सही जवाब दिए। तेज हाउस से आरव, मयंक, आहिल, असद, आदित्री, स्वस्ति, मानवी, युवराज, मीत, सलीहा, काव्य, राघव, अभिनव, अफान, जीशान, यशवीर, तन्वी, प्रियांशी, संस्कार, रुद्राक्ष ने सबसे ज्यादा सही जवाब दिए। प्रतियोगिता का संचालन समन्वयक दीपक कुमार, अंशुल गोयल, प्रियंका यादव ने किया। प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा वाले समाज में इससे विज्ञान के नये और पुराने तथ्यों की गहरी समझ मिलती है।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बरेली की बैठक सम्पन्न




## जिला, महानगर, महिला कार्यकारिणी घोषित

**बरेली/बिजनौर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जनपद बरेली की एक आवश्यक बैठक विद्या वर्ल्ड स्कूल बरेली के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल उपस्थित रहे। अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद नवाबगंज के अध्यक्ष नरेंद्र राठौर, महानगर अध्यक्ष अजय गुप्ता, नव मनोनीय प्रदेश संघठन मंत्री महिला पूजा दुबे, प्रदेश मंत्री महिला डॉ. मीनल ऐरन, जिला महामंत्री भाजपा राजू उपाध्याय, नगर अध्यक्ष फरीदपुर संजीव शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विकास अग्रवाल और संचालन जिला अध्यक्ष सुधीश पांडे ने किया।

बैठक में जिला और महानगर व महिला कार्यकारिणी की घोषणा की गयी। जिलाध्यक्ष सुधीश पांडे द्वारा गठित कार्यकारिणी में लव शर्मा को जिला महामंत्री, पंकज कपूर को जिला कोषाध्यक्ष, दिनेश सोलंकी जिला सयुंक्त महामंत्री, अंकित महेश्वरी, भुवनेश शुक्ला, नरेंद्र राठौड़, संतोष पटेल, राजू उपाध्याय को जिला उपाध्यक्ष, नरेंद्र कश्यप, शिवम अग्रवाल, रवि गुप्ता, धर्मेंद्र चौहान, बबलू मौर्य, मुकुल मिश्रा, मोहित गुप्ता, संदीप मिश्रा को मनोनीत किया। महानगर अध्यक्ष अजय गुप्ता सेंकी द्वारा गठित कार्यकारिणी में महामंत्री सतपाल गंगवार, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, रूपेंद्र पटेल, उपाध्यक्ष, रितेश पटेल मंत्री, विपिन गुप्ता, अंकित गुप्ता, सगर सक्सेना, रोहित सिंह, नरेश चंद्र गुप्ता, नीतीश मौर्य, ऋषि गुप्ता, कमल गुप्ता, रोहित शर्मा आदि बनाए गए। मीडिया प्रभारी सुरेंद्र अग्रवाल नामित किए गए। महिला इकाई में श्रीमती रेनू शर्मा जिला अध्यक्ष, अनीता मिश्रा संगठन मंत्री सुमन पाठक जिला उपाध्यक्ष ममता कौर, गौरी गुप्ता, कार्यालय प्रभारी ममता कौर मनोनीत की गयी। युवा महानगर टीम अध्यक्ष राकेश गुप्ता द्वारा गठित टीम में राजीव गोस्वामी महानगर युवा महामंत्री, मनोज गुप्ता महानगर कोषाध्यक्ष, विपिन भास्कर, सुनील त्यागी वरिष्ठ उपाध्यक्ष युवा, उपाध्यक्ष ओमेंद्र गुप्ता, मनोज अग्रवाल, मनोज गुप्ता, मंत्री पद पर संजीव अवस्थी आदि मनोनीत किये गये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल और प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी समाज का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ऑनलाइन व्यापार को बंद करने और व्यापारी कल्याण आयोग मे व्यापारी संघठन के पदाधिकारी को शामिल करने की बात की गयी।

# चोरी किये गये भैंस व कटरे सहित तीन आरोपी गिरफ्तार



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** भैंस चोरी कर ले जा रहे तीन आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल रवाना किया गया। ग्राम सैदाबाद निवासी बाबू पुत्र सुब्हान ने 6 जुलाई 2026 को थाना पहुंचकर भैंस चोरी के संबंध में पुलिस को तहरीर दी थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस तभी से भैंस चोरों की सुरागरसी में लगी थी और सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम के सदस्य छाछरी टीप गांव से सैदाबाद छोईया नदी के कच्चे रास्ते पर खाली व बंद पड़े अतुल के डेरे के पास घेराबंदी कर बैठ गए। जैसे ही सुधीर पुत्र इमरत निवासी मुकरपुर गुर्जर, साकिब उर्फ शेर खान पुत्र हनीफ व फिरोज पुत्र मुन्ने निवासी सैदाबाद छोटा हाथी में सवार होकर वहां पहुंचे तो टीम सदस्यों ने उन्हें घेर कर पकड़ लिया, जिसमें भैंस और एक कटरा बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक राहुल कुमार, हेड कांस्टेबल दिनेश चहल, कांस्टेबल सचिन सार्थक, महिला कांस्टेबल सीमा मौर्य शामिल रहे।

# अमानगढ़ में पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** जगह-जगह से किसानों, ग्रामीणों व अन्य राहगीरों द्वारा गुलदार के दिखाई देने एवं घरों व पशुशालाओं में बंधे पालतू मवेशियों व निराश्रित घूम रहे पशुओं पर हमले किए जाने की मिल रही शिकायतों पर अमानगढ़ व नगीना वन रेंज कर्मियों द्वारा जगह-जगह लगाए गए पिंजरों के माध्यम से बीते तीन दिनों में तीन गुलदार रेस्क्यू किए गए हैं। नगीना वन रेंज क्षेत्रांतर्गत परसों अफजलगढ़ स्थित शुगर मिल के पास से व कल हरेवली में पिंजरे के जरिए रेस्क्यू किए गए गुलदार के बाद आज अमानगढ़ वन रेंज क्षेत्र के ग्राम किरतपुर में एक गुलदार को पिंजरे के जरिए पकड़ लिया गया है। अमानगढ़ वन रेंज की क्षेत्राधिकारी श्रीमती अंकिता किशोर ने बताया कि ग्राम किरतपुर में गुलदार द्वारा पिछले कई दिनों से पालतू पशुओं पर हमले किए जाने की शिकायतें मिलने पर वहां पिंजरा लगाया गया था, जिसके परिणामस्वरूप वहां आज गुलदार पिंजरे में कैद हो गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल उसे अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया के अतिथि गृह में रखा गया है, जहां मेडिकल परीक्षण उपरांत अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

अमानगढ़ के ग्राम किरतपुर में पिंजरे में कैद गुलदार।



# संत रविदास की जन्मस्थली की पावन मिट्टी के कलश का वंदन, अभिनंदन किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत कल किरतपुर नगर में कलश वंदन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की जन्मस्थली की पावन मिट्टी से युक्त कलश का मंडल नगर किरतपुर के पांच विभिन्न स्थानों ग्राम भनेड़ा, नंगला इस्लाम, पाडली, भोजपुर, मोहल्ला वलीपुरा पर श्रद्धापूर्वक स्वागत एवं वंदन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं संत श्री गुरु रविदास जी महाराज के अनुयायी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं ने श्री गुरु रविदास जी महाराज की जन्मभूमि की पावन मिट्टी को नमन करते हुए सामाजिक समरसता, भाईचारे और समानता के उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कलश वंदन कार्यक्रम के दौरान पूरे नगर में श्रद्धा एवं उत्साह का वातावरण रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से



जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक चौधरी फूल सिंह, जिला उपाध्यक्ष रजनी कालरा, ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी, मंडल अध्यक्ष गौरव पाराशर, मंडल उपाध्यक्ष विकास राजपूत, कैलाश सिंह, विकास चौहान, मंडल कोषाध्यक्ष अशोक सैनी, मंडल मंत्री गौरव कुमार, अतुल भारती, जिला कार्यकारिणी सदस्य संजय चौहान, जिला आईटी सह संयोजक अनुज अग्रवाल, शक्ति केंद्र संयोजक संजीव वर्मा, डा. अमजद, मगन सिंह, मोहम्मद अजीम, रणजीत सिंह, संजीव कुमार, कुशल कुमार, रामकुमार सिंह आदि कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं का कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 10 अगस्त 2026**

मेष- वांछित प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, समस्या विशेष के सन्दर्भ में स्वयं का निर्णय लाभकारी, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति।

वृषभ- पारिवारिक व्यथा, सामयिक कार्यों में निराशा, सहयोगियों की गतिविधियों से मानसिक कष्ट, धन हानि की आशंका, प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास असफल।

मिथुन- कार्य-व्यवसाय में प्रगति हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, विवाद का समापन, पारिवारिक सौहार्द, भौतिक सुख के साधन सुलभ, मानसिक शांति, यात्रा सफल।

कर्क- लाभ का मार्ग प्रशस्त, व्यावसायिक क्षेत्र में उन्नति, जीवन में सुखशांति वातावरण, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से सहयोग।

सिंह- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, मान-प्रतिष्ठा-परक कृत्य सम्पन्न, विशिष्टजनों से सम्पर्क का लाभ, मित्रों से अपेक्षित सहयोग।

कन्या- आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, बहुप्रतीक्षित कार्यों में अड़चनें, मेल-मिलाप में अरुचि, धन की कमी, कर्ज की अदायगी समय पर न होने से मन अशांत।

तुला- ग्रहस्थिति अनुकूल, वैमनस्यता का समापन, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, परोपकार की भावना जागृत, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, यात्रा सुखद।

वृश्चिक-दिन बेहतर, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, लाभ का मार्ग प्रशस्त, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, मेल-मिलाप में रुचि।

धनु- भाग्य उन्नति में सहायक, वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, योजना साकार होने की दिशा में प्रयास, वैवाहिक जीवन में सुखशांति, यात्रा संतोषजनक, अध्यात्म में आस्था।

मकर- कार्य व्यवसाय में नुकसान, प्रगति में व्यवधान, बढ़ते हुए खर्च की चिन्ता, नवउत्तरदायित्व के निर्वाह में सफलता, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव।

कुम्भ- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, परोपकार की भावना जागृत, श्रेष्ठजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम, परिवार में मंगल आयोजन सम्पादित।

मीन- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, शारीरिक सुख, अकल्पित लाभ का सुयोग, आपसी सलाह से कामयाबी, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, विवाद का समापन।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# स्वस्थ खेत, पोषक भोजन और शुद्ध हवा-पानी ही आने वाली पीढ़ियों की असली विरासत- दिगंबर सिंह




## 'हरियाली से खुशहाली' अभियान के तहत हल्दौर ब्लॉक में किसानों को बरगद के पौधों का वितरण, 1123 के लक्ष्य से बढ़कर 10 हजार पौधे लगाने का संकल्प

**हल्दौर (चिंगारी)**। स्वस्थ खेत, पोषक भोजन, शुद्ध हवा और पीने योग्य पानी- आने वाली पीढ़ियों को यदि हम यही विरासत दे सकें, तो इससे बड़ी कोई सेवा नहीं हो सकती। इसी सोच के साथ भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक द्वारा चलाए जा रहे 'हरियाली से खुशहाली' अभियान के तहत शनिवार को हल्दौर ब्लॉक परिसर में किसानों को बरगद के पौधों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि यह अभियान कितना सफल होगा और इससे कितने लोग जुड़ेंगे, यह भविष्य बताएगा, लेकिन हमारी कोशिश लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी ने ठीक ही कहा है- 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।' यदि समाज का हर व्यक्ति इस छोटी-सी कोशिश को अपना प्रयास समझकर आगे बढ़ाए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ पर्यावरण तैयार किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक ने प्रत्येक गांव में कम से कम एक बरगद का पेड़ तैयार करने और उसकी देखभाल करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। अभियान के प्रारंभ में 1123 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन जिस तरह किसानों, युवाओं और आम लोगों का सहयोग, जागरूकता और जनसमर्थन मिल रहा है, उससे अब उम्मीद है कि इस वर्ष लगभग 10 हजार पौधे लगाकर उनके संरक्षण और पालन-पोषण का कार्य किया जा सकेगा। यह अभियान बिजनौर के साथ-साथ दूसरे जनपदों में भी आगे बढ़ाया जाएगा।

कार्यक्रम में राहुल जवान ने किसानों को स्वस्थ मिट्टी और स्वस्थ खेत के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए जैविक खेती पर जोर दिया। उन्होंने खेत की मिट्टी को स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न जैविक तरीकों और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के बारे में किसानों को जानकारी दी।

जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने कहा कि बिजनौर गन्ना बाहुल्य जनपद है और यहां किसान तथा चीनी उद्योग एक-दूसरे से सीधे जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और चीनी मिल प्रबंधन से किसानों के हित में सहयोग की अपेक्षा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि केवल कहा ही नहीं जाएगा, बल्कि चीनी उद्योग को यह समझाना होगा कि जब किसान बचेगा, तभी उद्योग बचेगा। वन विभाग की तरफ से रेंजर महेश गौतम ने अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि यह बहुत बड़ा अभियान संगठन के द्वारा शुरू किया गया है। गुलदार को बधियाकरन के लिए संगठन की मांग पर प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है।

# कांवरती ला रहे गंगाजल नगर पालिका ने बांटे फल



**नगीना (चिंगारी)**। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे कांवड़ियों की सेवा करने के लिए हर कोई आतुर दिख रहा है। शनिवार को नगर पालिका परिषद के सौजन्य से रायपुर तिराहे पर लगाए गए शिविर में कांवड़ियों को फल और पानी वितरित किया गया। इस मौके पर एसडीएम प्रिंस कुमार, चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, ईओ सतीश कुमार, सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, मुनीर जैदी, सभासद गोपाल शर्मा, मकसूद उस्मानी, आफताब मुल्तानी, बदर मुनीम, अफजाल कुरैशी आदि मौजूद रहे। उधर, नगीना से होकर गंतव्य की ओर कांवड़ियों के निकलने का सिलसिला जारी है। मनमोहक कांवड़ लेकर नगीना से निकल रहे शिवभक्तों को देखकर नगर का माहौल शिवमय हो गया है।

## शत-प्रतिशत रहा परीक्षाफल, शिप्रा मित्तल ने किया टॉप





**चांदपुर (चिंगारी)**। शकुन्तला डिग्री कालेज चांदपुर का बीएड द्वितीय वर्ष सत्र 2024-26का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कालेज की होनहार छात्रा शिप्रा मित्तल ने 73.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य एचजी पाठक ने बताया कि शिप्रा मित्तल ने 73.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, नितिन शर्मा ने 69.78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व अनुज वर्धन ने 67.92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डा. अनिल सिंह, चेयरपर्सन डा. आशा सिंह, प्राचार्य एचजी पाठक, उपप्राचार्य डा. शिवानी शर्मा,बीएड. प्रभारी नरेश कुमार, प्रवक्ता नैन्सी त्यागी ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सत्यवीरा कॉलेज की छात्रा प्रेरणा थापा को मिला स्वर्ण पदक

**बिजनौर (चिंगारी)**। कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर की मेधावी छात्रा प्रेरणा थापा ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के दम पर स्वर्ण पदक हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। बीएससी ऑनर्स की छात्रा प्रेरणा थापा ने अपनी पढ़ाई के दौरान लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की। उनकी सफलता से उनके परिवार में एवं कॉलेज में हर्ष का माहौल है।



महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.(डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने प्रेरणा थापा को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां संस्थान के लिए गौरव का विषय हैं। विज्ञान विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर राजकुमार एवं विभाग कोऑर्डिनेटर एकता त्यागी, हर्ष राजपूत, सिमरन भरद्वाज, विनीता देवी, पुनीत कुमार, विजेंदर सिंह, लेखराज सिंह एवं अनुज कुमार ने भी प्रेरणाथापा को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन किया।

# एसडीएम ने क्षेत्र के जन सुविधा केन्द्रों का किया निरीक्षण

## अनेक अनियमितताएं पायीं


उपजिलाधिकारी ने देर शाम को क्षेत्र के विभिन्न जन सुविधा केंद्रों का किया निरीक्षण।

**कोटद्वार (चिंगारी)।** डीएम स्वाति एस भदौरिया के निर्देशन पर जन सुविधा केंद्रों (सीएससी) में निर्धारित मानकों और व्यवस्थाओं की जांच को लेकर उपजिलाधिकारी कोटद्वार संदीप कुमार ने क्षेत्र के विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ केंद्रों पर रेट लिस्ट चस्पा नहीं मिली। वहीं कई केंद्रों पर प्रमाण पत्रों से संबंधित पंजिका भी उपलब्ध नहीं पाई गई। एक केंद्र पर लाइसेंस किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर होने के बावजूद संचालन दूसरे व्यक्ति द्वारा किया जाना पाया गया। इस पर संबंधित संचालक को निर्धारित अवधि में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जांच के दौरान कुछ केंद्रों पर आवेदकों के आधार कार्ड, पहचान पत्र, जन्म एवं अन्य प्रमाण पत्र भी पाए गए। प्रमाण पत्रों के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लिए जाने की शिकायत/जानकारी भी निरीक्षण के दौरान सामने आई। उपजिलाधिकारी ने सभी जन सुविधा केंद्र संचालकों को निर्देश दिए कि रेट लिस्ट को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें, निर्धारित शुल्क ही लें तथा आवेदकों के दस्तावेजों और अभिलेखों का नियमानुसार रखरखाव सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान एक केंद्र के लैपटॉप को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षकों की अटैचमेंट व्यवस्था रद्द करने की मांग

## शिक्षकों ने प्रांतीय कार्यकारिणी को भेजा ज्ञापन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** शिक्षकों के अटैचमेंट पर रोक के बावजूद शिक्षा विभाग द्वारा विगत दिनों बड़ी संख्या में शिक्षकों को देहरादून के सुगम विद्यालयों में अटैच करने से शिक्षकों में आक्रोश पनप रहा है।

इस संबंध में राजकीय शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष जयदीप रावत व मंत्री मनमोहन सिंह चौहान प्रांतीय कार्यकारिणी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि शिक्षकों की अटैचमेंट व्यवस्था समाप्त होने के बावजूद अटैचमेंट के नाम पर शिक्षक - शिक्षिकाओं को देहरादून के सुगम विद्यालयों में भेजा जा रहा है। वर्तमान में अनुरोध के आधार पर शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया गतिमान है। इसके लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों ने आवेदन किए हुए हैं। वहीं शिक्षकों को अटैच करने से स्थानांतरण के लिए रिक्त पदों के प्रभावित होने की आशंका है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यह व्यवस्था केवल कार्ययोजित है, अनुरोध के आधार पर जिन शिक्षकों ने रिक्त पद विकल्प के रूप में लिया है उन्हें वही पद आवंटित होगा।

इस बार अनुरोध के आधार पर दुर्गम से सुगम श्रेणी में स्थानांतरण की व्यवस्था नहीं होने से, शिक्षकों के सेवा विवरण से सुगम दुर्गम के सेवा गुणांक हटा दिए गए हैं। ज्ञापन में उन्होंने शिक्षकों की अटैचमेंट व्यवस्था को रद्द करने और अनुरोध के आधार पर सभी श्रेणियों में स्थानांतरण करने की मांग करते हुए प्रांतीय कार्यकारिणी से इस संबन्ध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वार्ता करने की मांग की है।

# वीरबाला तीलू रौतेली की जयंती पर विशेष समारोह का आयोजन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** वीर बाला तीलू रौतेली विचार मंच की ओर से वीरबाला की जयंती के अवसर पर लाल बत्ती चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उनकी स्मृति में डाक विभाग द्वारा विशेष डाक टिकट जारी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने वीरांगना तीलू रौतेली को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन उत्तराखंड की वीर परंपरा, नारी शक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण का अद्वितीय प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में अपने परिवार और अपनों को खोने के बाद जिस साहस के साथ तीलू रौतेली ने परिस्थितियों का सामना किया, वह आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व महापौर हेमलता नेगी ने कहा कि तीलू रौतेली का

### पिता, भाइयों व मंगेतर के शहीद होने के बाद किशोर अवस्था में उठा ली थी तलवार

व्यक्तित्व उत्तराखंड की नारी शक्ति और आत्मसम्मान की अद्भुत पहचान है। किशोरावस्था में ही उनके जीवन में ऐसा मोड़ आया, जिसने उन्हें इतिहास की अमर वीरांगनाओं की श्रेणी में ला खड़ा किया। युद्ध में उनके पिता भूप सिंह रावत, दोनों भाई भगतु एवं पत्वा तथा मंगेतर भवानी सिंह के वीरगति को प्राप्त होने के बाद लगभग 15 वर्ष की अल्पायु में तीलू रौतेली ने मातृभूमि की रक्षा और शत्रुओं से संघर्ष का संकल्प लिया। इसके बाद उन्होंने अपनी प्रिय घोड़ी बिंदुली पर सवार होकर रणभूमि में मोर्चा संभाला। उनकी वीरगाथाएं आज भी उत्तराखंड की लोक संस्कृति और जनमानस में जीवंत हैं। अंततः लगभग 21-22 वर्ष की अल्पायु में मातृभूमि की रक्षा करते हुए तीलू रौतेली वीरगति को प्राप्त हुईं। उनका जीवन भले ही अल्प रहा, लेकिन उनके साहस, त्याग और संघर्ष ने उन्हें उत्तराखंड की अमर वीरांगना बना दिया। इस अवसर पर वीर बाला तीलू रौतेली विचार मंच के पदाधिकारियों सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जीजीआईसी में 16 अगस्त को लगेगा रोजगार मेला

### 500 रिक्त पदों पर की जायेगी भर्ती

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जिला प्रशासन, कौशल विकास एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लैंसडाउन के संयुक्त तत्वावधान में 16 अगस्त को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, कोटद्वार में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में हरिद्वार, देहरादून एवं कोटद्वार क्षेत्र की 10 से 15 प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयों के प्रतिभाग करने की संभावना है। इन कंपनियों द्वारा करीब 500 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। बताया कि रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा, बीटेक, एमटेक, बीबीए, एमबीए, स्नातक, बीएससी, एमएससी सहित विभिन्न तकनीकी एवं शैक्षिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। बताया कि अभ्यर्थियों को बायोडाटा की दो प्रतियां, नवीनतम पासपोर्ट आकार के दो फोटो, समस्त शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की मूल एवं छायाप्रतियां तथा सेवायोजन पंजीकरण प्रमाण-पत्र साथ लेकर आना आवश्यक है।

# शहीद हमीर पोखरियाल की पुण्यतिथि पर उनके बलिदान को किया याद



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** वीर अमर शहीद हमीर पोखरियाल की आठवीं पुण्यतिथि पर हमीर पोखरियाल स्मृति द्वार गुमानीवाला में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे ऋषिकेश विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एंव दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा विधायक निधि से शहीद हमीर पोखरियाल द्वार का निर्माण कराया गया था। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा भाव रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से भी शहीदों के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शहीद हमीर पोखरियाल के भाई सुनील पोखरियाल, पूर्व मेयर अनीता ममगाई, सुधीर राय, मानवेंद्र कंडारी, पार्षद वीरेंद्र रमोला, मंडल अध्यक्ष चमन पोखरियाल, मंडल महामंत्री सतपाल राणा, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक मेहर, उप प्रधान नितिन रावत, पूर्व प्रधान सतीश रावत, पूर्व प्रधान दीपा राणा, विनोद पोखरियाल, रमेश भट्ट, केशव पोखरियाल, सुनील बिष्ट, संदीप कुड़ियाल, अरुण बिष्ट, धर्मेंद्र सिंह, संजीव व्यास, पूर्व सैनिक विनोद डबराल, सच्चिदानंद नौटियाल, नत्थीलाल सेमवाल, प्रमोद अशवाल, गोविंद मेहर आदि उपस्थित थे।

# वन विभाग के मंत्री से की शिकायत रंग लाई गुलदार को पकड़ने के लिए शुरू हो गई कार्रवाई

## पिंजरा लगाया, गश्त बढ़ाई

**कोटद्वार (चिंगारी)।** लैंसडौन वन प्रभाग की कोटद्वार और कोटड़ी रेंज से सटे वार्डों में लगातार बढ़ रही गुलदार की दहशत के बीच वन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। वन्यजीव प्रतिपालक के आदेश के बाद सनेह क्षेत्र में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया गया है। साथ ही वन विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में लगातार गश्त कर रही है। कृषि उत्पादन एवं मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुमन कोटनाला ने बताया कि लंबे समय से कोटद्वार और कोटड़ी रेंज से लगे वार्डों में गुलदार की सक्रियता से लोग भय में हैं। उन्होंने वन मंत्री सुबोध उनियाल को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन मंत्री ने मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक को तत्काल पिंजरा लगाने के निर्देश दिए। वहीं पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने भी गुलदार प्रभावितों से मुलाकात की थी और वन मंत्री से इस संबंध में कार्रवाई करने की मांग की थी। रेंजर विपिन चंद्र जोशी ने बताया कि अनुमति मिलते ही कोटद्वार-सनेह मार्ग पर गंगा वाटिका के समीप पिंजरा लगा दिया गया है। वन विभाग की टीमें संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी और गश्त कर रही है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से रात के समय घरों के बाहर पर्याप्त रोशनी रखने, अकेले आवाजाही से बचने और किसी भी स्थान पर गुलदार दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की है।



रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# सामने आया गुलदार, रोकनी पड़ी कार


**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पुट्ठा में शनिवार देर रात गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सड़क पर अचानक आए गुलदार को देखकर कार सवारों के होश उड़ गए। आनन-फानन में कार रोककर शीशे बंद किए गए। इसी दौरान गुलजार ने मोबाइल से गुलदार का वीडियो बना लिया। कुछ देर सड़क पर रुकने के बाद गुलदार पास के गन्ने के खेत में घुस गया। वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों में भय और बढ़ गया है।



हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव पुट्ठा निवासी लकड़ी कारोबारी महबूब ठेकेदार एवं शहजाद अली की बिजनौर-नूरपुर मार्ग पर अट्टे वाले मंदिर के सामने लकड़ियों की टाल है। शनिवार रात काम के चलते शहजाद अली को टाल पर देर हो गई। इसके बाद वह अपने भतीजे गुलजार के साथ कार से गांव लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार उनके गांव पुट्ठा में पूर्व प्रधान सूरज सिंह के सामने पहुंची,अचानक गुलदार कार के सामने आ गया। इसी दौरान गुलजार ने मोबाइल से गुलदार की वीडियो बना ली। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने के खेतों में गुलदार की मौजूदगी से किसानों के लिए खेतों पर जाना मुश्किल हो गया है। सुबह और शाम खेतों में कृषि कार्य करने वाले किसान विशेष रूप से भयभीत हैं। वहीं पशुओं के लिए जंगल चारा लेने जाने वाले भी गुलदार की दस्तक से डरे हुये हैं। घटना के संबंध में बिजनौर रेंज के रेंजर महेश गौतम ने बताया कि ग्राम पुट्ठा के नजदीक गांव माढ़ी में पहले से पिंजरा लगा हुआ है। जल्द ही उसे हटाकर उस स्थान पर लगाया जाएगा, जहां गुलदार देखा गया है। उन्होंने कहा कि गुलदार को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जंगल में पशुचारा लेने जाते समय समूह बनाकर जाएं, विशेषकर बच्चों का ध्यान रखें, जंगल के आसपास बच्चों को अकेले न खेलने दें तथा कृषि कार्य करते समय सतर्क रहें।

## जनवरी से अब तक 70 गुलदार रेस्क्यू किये

रेंजर महेश गौतम ने बताया कि जनवरी 2026 से अब तक 70 गुलदार रेस्क्यू किए गए हैं, वहीं लगभग 20 गुलदार दुर्घटना में मारे जा चुके हैं। गुलदार की समस्या सभी लोगों द्वारा एक साथ मिलकर काम करने पर हल होगी। जागरूकता और सतर्कता ही एक उपाय है। अभी तक पूरे जनपद में 150 पिंजरे लगे हुए हैं और पिजरो की मांग की जा रही है। शनिवार को हल्दौर क्षेत्र में किसान जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है। बिजनौर में एक सप्ताह पीलीभीत टाइगर रिजर्व, विश्व प्रकृति निधि (वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर) तथा बिजनौर सामाजिक वानिकी विभाग की संयुक्त रूप से नौ सदस्यों की टीम क्षेत्र में गुलदार से कैसे बचा जाये गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाएगी। जागरूकता अभियान को बाघ मित्र राजीव लीड कर रहे हैं।





आवश्यकता है
हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें-
9319823965
8191819148

धमाका धमाका धमाका
पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में
कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट (दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap (घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)
कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें
हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**
गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना







डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association





(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423





Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria Exculsive Showroom
Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom





DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर